अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# पंडाल में 118 जोड़ों ने लिए पवित्र अग्नि के सात फेरे


बायोमीट्रिक पहचान करवाता जोड़ा। अमृत विचार

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में 118 वर वधुओं ने पवित्र अग्नि के सात फेरे लेकर एक दूसरे का हाथ जिंदगी भर के लिए थाम लिया। वहीं दो मुस्लिम जोड़ों का निकाह पढ़वाया गया। शासन की योजना के तहत जोड़ों को गृहस्थी का सामान भी भेंट किया गया।

बुधवार को स्वामी गिरीशानंद डिग्री कॉलेज में मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत हुए आयोजन में पहले सभी जोड़ों की बायोमेट्रिक से पहचान की गई। इसके बाद ही विवाह पंडाल में प्रवेश करने दिया गया। एक मंडप पर चार जोड़ो को बैठाया गया। आचार्य ने वैदिक मंत्र के बीच शादी की रस्में पूरी कराईं। इसके उपरांत वर वधुओं ने एक दूसरे को वरमाला पहनाकर सात फेरे लिए। काजी ने एक मुस्लिम जोड़े को निकाह कराया। सरकार की तरफ से वर वधू को उपहार भेंट किए गए। विवाह समारोह में पहुंचे जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने दहेज के सामान की गुणवत्ता को जांचा परखा।


सामूहिक विवाह पंडाल में बैठे जोड़े, मौजूद जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, सीडीओ रामकृपाल चौधरी व जिला समाज कल्याण अधिकारी वेदप्रकाश मिश्र। अमृत विचार

- मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजन
- स्वामी गिरीशानंद डिग्री कॉलेज में हुआ कार्यक्रम

**02** मुस्लिम जोड़ों का भी समारोह में कराया गया निकाह

प्रत्येक जोड़े को दो-दो डलिया लड्डू और इतनी ही पंचमेवा दी गई। इस अवसर पर विधायक कैलाश राजपूत ने नव दंपतियों को आशीर्वाद दिया। मुख्य विकास अधिकारी चौधरी ,जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्रा,खंड विकास अधिकारी श्रीमती सोनिया श्रीवास्तव, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, ब्लाक प्रमुख अजय वर्मा, जिला उपाध्यक्ष श्यामू राजपूत, मिथलेश बाथम सहित विकास विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### दो भैंसों की अचानक मौत से बैरागपुर में दहशत

**छिबरामऊ।** ग्राम पंचायत मिघौली के मजरा बैरागपुर गांव में एक दिन में दो भैंसों की अचानक मौत हो गई, जिससे पशुपालकों में भय और चिंता का माहौल है। सिद्धश्री पत्नी मुकेश कुमार ने बताया कि उन्होंने दो साल पहले 1 लाख रुपये में भैंस खरीदी थी, जो अचानक मर गई। बेटे सुधीश ने बैंक लोन लेकर खरीदा था। कर्ज चुकाने से पहले ही भैंस की मौत ने परिवार की कमर तोड़ दी। इसी तरह ज्ञानदेवी पत्नी वीरेंद्र ने डेढ़ साल पहले 75 हजार रुपये की बचत से भैंस खरीदी थी, उसकी भी जान चली गई। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से तत्काल मुआवजे की मांग की है। पशु चिकित्सा विभाग से अपील की है कि जांच टीम भेजकर पोस्टमार्टम कराया जाए और बाकी पशुओं के लिए तुरंत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए।

### महिला से छेड़छाड़ व जानलेवा हमला

**छिबरामऊ।** विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के सरदामई गांव में खेत पर काम कर रही एक महिला के साथ छेड़छाड़ और जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। पीड़िता के अनुसार वह खेत में काम कर रही थी, तभी गांव के कुछ लोगों ने वहां पहुंचकर उसके साथ छेड़छाड़ की। जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने पति और बेटे पर लाठी-डंडों तथा धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में महिला, उसका पति और पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### कूड़ा हटाने को लेकर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**सौरिख।** दरवाजे पर रखा कूड़ा हटाने से मना किया तो दबंगों ने युवक को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित के पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र की चौकी भावलपुर के गांव उड़ेलापुर निवासी विश्वनाथ थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि 13 फरवरी की शाम लगभग 6 बजे पड़ोस के ही अतर सिंह पुत्र छोटेलाल, मुवीस देवी पत्नी अतर सिंह ने अपने गोबर का तसला उसके दरवाजे पर रख दिया। उसके पुत्र दीपू उर्फ विजेंद्र ने तसला हटाने के लिए कहा तो उक्त लोग गाली देने लगे। जब गाली देने से मना किया तो लाठी डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया

### कल आएंगी महिला आयोग की सदस्य

**कन्नौज।** जिला प्रोबेशन अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि महिलाओं के प्रति होने वाले उत्पीड़न की रोकथाम तथा पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से उ.प्र. राज्य महिला आयोग द्वारा जनपद में महिला जन सुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती पुष्पा पांडेय की अध्यक्षता में शुक्रवार 13 मार्च को प्रातः 10:30 बजे सखी वन स्टॉप सेंटर के सभागार, विनोद दीक्षित, मकरंद नगर, कन्नौज में महिला जन सुनवाई एवं समीक्षा बैठक होगी। अपील की कि यदि कोई महिला घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, उत्पीड़न या किसी भी प्रकार से पीड़ित है, तो वह उक्त तिथि व समय पर उपस्थित होकर सदस्य महोदया के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपनी समस्या का त्वरित निस्तारण करा सकती है।

### हजरत अली की शहादत पर उठाया गया ताबूत

**सौरिख।** अली अब्बास नकवी मेम्बर आल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड ने बताया कि बुधवार को पहले राजापुर मस्जिद में मजलिस को मौलाना मोहम्मद मेहदी साहब कानपुर ने खिताब फरमाया। उसके बाद हजरत अली का ताबूत उठाया गया। उसके बाद सौरिख मोहल्ला ऊंचा अल मेहदी इमामबाड़ा में मजलिस को मौलाना रज़ा अब्बास साहब बिहार ने खिताब फरमाया और उन्होंने हमारे देश को अमन और शांति का पैग़ाम दिया। इस मौके पर हुसैन हैदर, नाजिम हुसैन, शब्बर अली उपस्थित रहे।

# छापेमारी, हसेरन में अवैध बायोडीजल पंप किया सील

## सकतपुर–सौरिख मार्ग स्थित ग्राम सादिकपुर में हो रहा था संचालित

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** पेट्रोलियम पदार्थों के अवैध भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पूर्ति विभाग की टीम की ओर से छापेमारी की गई । इस दौरान विकास खंड हसेरन के अंतर्गत सकतपुर–सौरिख मार्ग स्थित ग्राम सादिकपुर में बिना वैध लाइसेंस के चल रहे बायोडीजल पंप को सील कर दिया गया।

अवैध रूप से पेट्रोल-डीजल की बिक्री की सूचना पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी कन्नौज, पूर्ति निरीक्षक तिर्वा एवं पूर्ति लिपिक तिर्वा की संयुक्त टीम ने पंप पर छापा मारा। इस दौरान पंप पर मोहर सिंह पुत्र गेंदालाल, निवासी आदमपुर, ब्लॉक हसेरन उपस्थित मिले, जिन्होंने स्वयं को पंप का सेल्समैन बताया। टीम ने पंप संचालन से संबंधित लाइसेंस एवं अन्य आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा लेकिन वह कुछ भी नहीं दिखा सके। जांच में यह भी पाया गया कि पंप पर बिना सक्षम प्राधिकारी से लाइसेंस प्राप्त किए अवैध रूप से पेट्रोलियम पदार्थों की बिक्री की जा रही थी। इस पर टीम भूमिगत टैंक में उपलब्ध डीजल एवं पेट्रोल के नमूने संग्रहित किए। पंप पर स्थापित दोनों नोज़ल एवं भूमिगत टैंक के आउटलेट पाइप को सील कर दिया। मोहर सिंह को अगले आदेश तक किसी भी प्रकार के पेट्रोलियम पदार्थ की बिक्री न करने के निर्देश दिए। मोहर ने पंप स्वामी का नाम श्याम किशोर पुत्र दर्शन सिंह, निवासी सैफई, जनपद इटावा बताया। टीम ने फोन पर उनसे बात की तो उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने पंप से संबंधित कोई भी वैध प्राधिकार पत्र अथवा लाइसेंस नहीं प्राप्त किया है।

जिला पूर्ति अधिकारी राजीव मिश्र ने बताया कि प्रकरण में पेट्रोलियम पदार्थों के अवैध भंडारण एवं बिक्री की पुष्टि होने के दृष्टिगत संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।



हसेरन स्थित बायोडीजल पंप पर छापेमारी करती पूर्ति विभाग की टीम। अमृत विचार

# समेकित विशेष माध्यमिक स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**कन्नौज।** समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय, छिबरामऊ में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 06 से 12 तक प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है।

यह जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य दिनेश चन्द्र दुबे ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित इस विद्यालय में दृष्टि, श्रवण व अस्थिबाधित तथा सामान्य छात्र-छात्राओं के लिए शिक्षा की व्यवस्था है।। प्रवेश के इच्छुक दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित, अस्थिबाधित एवं सामान्य छात्र-छात्राएं किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10:00 से अपराह्न 03:00 बजे तक विद्यालय में उपस्थित होकर नामांकन करा सकते हैं। प्रवेश के लिए आवश्यक अभिलेखों में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र अथवा यूडीआईडी कार्ड, अभिभावक का आय प्रमाण पत्र, छात्र/छात्रा एवं अभिभावक के आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकपत्र की छायाप्रति एवं स्थानांतरण प्रमाण पत्र , चार पासपोर्ट साइज फोटो, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, माता या पिता का मोबाइल नंबर, व्हाट्सएप नंबर, छात्र/छात्रा का ब्लड ग्रुप, पूर्ण पता पिन कोड सहित तथा ई-मेल आईडी सम्मिलित हैं।

# पहली बार जनगणना पूर्ण डिजिटल मोड में, स्व-गणना भी कर सकेंगे



जनगणना को लेकर अपर जिलाधिकारी की मौजूदगी में प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** देश भर में होने जा रही जनगणना को लेकर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें कहा गया कि यह पहली बार है जब जनगणना पूरी तरह से डिजिटल मोड में होगी और खास यह कि व्यक्ति स्व गणना भी कर सकेगा।

अध्यक्षता कर रहे अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) देवेन्द्र सिंह ने जनगणना-2027 के कार्यन्वयन एवं संचालन को लेकर बताया कि प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना होगी जो मई-जून, 2026 में 30 दिनों की अवधि में कराई जाएगी। इसमें सभी भवनों, घरों, झुग्गियों की सूचीबद्धता, प्रत्येक घर में रहने वाले परिवारों का विवरण लिया जायेगा तथा डिजिटल

- कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यशाला में दिया गया कार्मिकों को प्रशिक्षण

सग्रहण में गणनाकर्ता मोबाइल एप पर डाटा दर्ज करेंगें। नागरिक स्वतः भी गणना कर सकेंगें। दूसरे चरण में जनसंख्या और जाति की गणना 9 से 28 फरवरी, 2027 तक होगी। इसमें प्रत्येक व्यक्ति का नाम, उम्र, लिंग आदि व्यक्तिगत जानकारी एकत्रित की जाएगी। आर्थिक एव सामाजिक आंकड़ों में कार्यरत एवं बेरोजगार व्यक्तियों की स्थिति, उद्योग, व्यवसाय आदि की स्थिति के आंकड़े एकत्रित किये जाएंगे। दूसरे चरण के दौरान प्रत्येक व्यक्ति की जाति से सम्बन्धित डेटा भी एकत्र किया जायेगा। जनगणना-2027 में जनसंख्या, शिक्षा, रोजगार, आवास आदि आंकड़े प्राप्त होगें, जो नीति-निर्माण एवं संसाधन आवंटन का आधार बनेंगें। कहा कि डिजिटल घर सूचीकरण में नागरिक खुद मोबाइल एप द्वारा परिवार का विवरण ऑनलाइन भर सकेंगें।

कहा कि जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर जनपद में तैनात समस्त प्रशासनिक अधिकारियों का प्रशिक्षण पूर्ण कराए जाने के संबंध में निर्देशित किया गया है। इस क्रम में समस्त तहसीलदार व अधिशासी अधिकारी/चार्ज अधिकारी द्वारा जनगणना कार्य देख रहे कर्मियों को जनगणना प्रतिनिधि अंशु शाहू, शशमीता द्विवेदी, व मृदुल मिश्रा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में उपजिलाधिकारी छिबरामऊ ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रेशमा सहाय, श्रीमती नवनीता राय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# फिर बनेंगे नए अंत्येष्टि स्थल जमीन तलाशने को फरमान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए फिर से नए अंत्येष्टि स्थल बनाए जाएंगे। इसके लिए जमीन की तलाश करने का फरमान जारी हो गया है। शासन से पत्र आते ही जिला पंचायत राज अधिकारी राजेंद्र प्रकाश ने सभी एडीओ पंचायत चिट्ठी जारी कर दी है।

डीपीआरओ ने जारी किए पत्र में कहा है कि ग्रामीण इलाकों में अंत्येष्टि स्थल निर्माण कार्य के लिए ग्राम पंचायतों का चयन किया जाना है। ऐसे अंत्येष्टि स्थलों का चयन वरीयता में किया जाए, जहां ज्यादा शवों का दाह संस्कार होता है। प्रत्येक विकास खंड क्षेत्र में चिन्हांकन ग्राम पंचायत सचिव की सहायता से संबंधित एडीओ पंचायत करेंगे। रिपोर्ट में चिन्हांकन में अंत्येष्टि स्थल में प्रति वर्ष किए जाने वाले शव दाह की संख्या, उपलब्ध जमीन की ग्राम सभा का नाम, सार्वजनिक स्वामित्व में होने, उपलब्ध भूमि का क्षेत्रफल, सुविधाओं के निर्माण के लिए पर्याप्त स्थान आदि का जिक्र किया जाएगा। कहा गया है कि अंत्येष्टि स्थल नदियों के किनारे या अन्य सुरक्षित स्थलों पर बनाए जाने को प्राथमिकता है। मानक के तहत अंत्येष्टि स्थल निर्माण के लिए एक सप्ताह में ग्राम पंचायत व जमीन का चयन कर प्रस्ताव मांगे गए हैं।

# किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म में दोषी को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने 15000 रुपये जुर्माना भी लगाया
- वर्ष 2023 में फुसलाकर ले गया था युवक, हो गई थी गर्भवती

**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट हरेंद्र नाथ ने किशोरी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में दोषी पाए जाने पर युवक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 15 हजार रुपये का अर्थदंड देने का भी आदेश दिया है। अर्थदंड न देने की सूरत में दोषी को एक साल की कैद और भुगतनी होगी।

सहायक शासकीय अधिवक्ता संत कुमार दुबे ने बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 02 जुलाई 2023 को सुबह चार बजे उसकी 14 साल की पुत्री को पड़ोसी गांव अकबरपुर का रहने वाला शवी पुत्र एजाद बहला फुसलाकर भगा ले गया।

पुत्री साथ में घर में रखे डेढ़ लाख रुपये, जेवर कान की झुमकी, हार व पायल आदि भी ले गई। घर में प्रयोग होने वाला मोबाइल भी ले गई। आरोप लगाया था कि जानकारी पर वह बेटे के साथ आरोपी के घर गया लेकिन वह वहां नहीं मिला। उसके घर वालों ने भी कुछ नहीं बताया। बाद में पुत्री को पुलिस ने बरामद कर लिया जबकि आरोपी ने आत्मसमर्पण कर दिया था। बताया कि चिकित्सकीय परीक्षण में किशोरी के साथ दुष्कर्म व उसके गर्भवती हो जाने की पुष्टि हुई थी। विवेचना के बाद न्यायालय में आरोप पत्र पेश किया गया। सुनवाई पूरी होने के उपरांत न्यायाधीश ने दोषी ठहराते हुए शवी को अपहरण और दुष्कर्म की धाराओं में सजा तथा जुर्माने से दंडित किया।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# त्रिपाठी नगर में सरकारी नलों से आ रहा गंदा पानी

संवाददाता,छिबरामऊ

- ईओ बोले, शिकायती पत्र मिला है लीकेज ढूंढ जल्द दूर की जाएगी समस्या

**अमृत विचार।** नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत त्रिपाठी नगर नगर पालिका रोड में कई दिनों से पेयजल आपूर्ति की स्थिति भयावह है। मोहल्ले के निवासी कृष्ण प्रताप और अन्य स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि सरकारी नलों से आने वाले पानी में नाली की गंदगी और असहनीय बदबू आ रही है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह दूषित जल न केवल पीने के अयोग्य है बल्कि स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक साबित हो रहा है। मोहल्ले के 2-3 लोग पानी के संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती हो चुके हैं। मोहल्ले के नागरिकों राजीव कुमार त्रिपाठी, चंदौल दीक्षित, इन्दू दीक्षित, दीपू दीक्षित, सिक्कू तिवारी, बिक्कू तिवारी, अनिल बाबू पाल, देवराज त्रिपाठी, सुशील सक्सेना, अमित सक्सेना, ऋतुराज त्रिपाठी और चंचल दीक्षित शामिल ने बताया कि इस समस्या की सूचना कई बार नगर पालिका चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी को दी जा चुकी है। एक महीना बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। यदि जल्द ही स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई, तो वे उग्र प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

**खेल के मैदान से** | नौ मार्च से 11 तक चली प्रतियोगिता में झटके 7 स्वर्ण, 6 रजत, 4 कांस्य पदक

# राज्यस्तरीय जूडो प्रतियोगिता में कन्नौज को 17 पदक

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** 36वीं राज्य स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत जूडो में कन्नौज के होनहारों ने सात स्वर्ण पदकों समेत कुल 17 पदक झटककर जनपद का मान बढ़ाया।

राजीव कुमार शुक्ल, जिला व्यायाम शिक्षक ने बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम अयोध्या में 9 से 11 मार्च तक चली प्रतियोगिता में जनपद कन्नौज ने कानपुर मंडल का नेतृत्व किया। इसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय तहसीपुर की टीम से बालिका वर्ग में 18 से 20 किलोग्राम भार में सना, 24 से 26 किग्रा भार वर्ग में हुमैरा, 29 से 32 किग्रा भार वर्ग में काजल और 35 से 38 किग्रा भार वर्ग में अवंतिका ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए। 22-24 किग्रा भार वर्ग में सानू, 26-29 किग्रा भार वर्ग में अलका, 32-35 किग्रा भार वर्ग में ज्योति ने रजत पदक प्राप्त किए। इसी तरह 38 + किग्रा भार वर्ग में अंशिका ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

उन्होंने बताया कि बालक वर्ग में 18-21 किग्रा भार वर्ग में गोपाल, 21-32 किग्रा भार वर्ग में अमन, 41 + किलोग्राम भार वर्ग में शोभित ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए। 21 से 23 किग्रा भार वर्ग में प्रांशु, 32-35 किग्रा भार वर्ग में अर्जुन, 35-38 किलोग्राम भार वर्ग में शिवा ने रजत पदक प्राप्त किए। 25 से 27 किलोग्राम भार वर्ग में अर्पित ने कांस्य पदक, 27 से 29 किलोग्राम भार वर्ग में रौनक ने कांस्य पदक प्राप्त किया। जूडो प्रतियोगिता में 40 से 44 किलोग्राम भार वर्ग में शोभित ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

इस प्रकार जनपद ने 7 स्वर्ण पदक, 6 रजत पदक, 4 कांस्य पदक सहित कुल 17 पदक प्राप्त कर कानपुर मंडल व जनपद कन्नौज का नाम राज्य में रोशन किया। पिछले वर्ष केवल 1 स्वर्ण, 4 रजत सहित कुल 05 पदक प्राप्त हुए थे।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने विजेता छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। कहा कि सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही मार्गदर्शक शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा। श्रद्धा चौहान जिला व्यायाम शिक्षिका, रजनीश कुमार ब्लॉक व्यायाम शिक्षक, श्याम बाबू ब्लॉक व्यायाम शिक्षक, विपिन देव, शैलेन्द्र राणा अनुदेशक उपस्थित रहे।


मेडल के साथ विजेता छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**36** वीं राज्य स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता

# कल जारी होगी किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त

**कन्नौज।** असम के गुवाहाटी में कल यानी शुक्रवार को आयोजित होने वाले "पीएम किसान उत्सव दिवस" कार्यक्रम के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी की जाएगी।

उप कृषि निदेशक संतोष कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का वर्चुअल प्रसारण https://pmindiawebcast.nic.in लिंक के माध्यम से किया जाएगा। इस कार्यक्रम को से संचालित करने के लिए विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कृषि विभाग तथा कृषि विज्ञान केन्द्र के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा प्रगतिशील किसान एवं अन्य किसान हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत स्तर के कार्मिक विभिन्न सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे। किसानों को जानकारी दी जाएगी कि उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत मिलने वाली धनराशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके आधार सीडेड बैंक खातों में हस्तांतरित की जा रही है। ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत भवन में किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कृषि एवं राजस्व विभाग के कर्मचारी ग्राम प्रधान के सहयोग से प्रगतिशील एवं सम्मानित कृषकों को आमंत्रित कर कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रक ने कार में मारी टक्कर, तीन लाख रुपये चोरी

**कन्नौज।** सदर कोतवाली के मानीमऊ में कार में ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे कार पलट गई। कार में रखे 03 लाख 22 हजार रुपये किसी ने चोरी कर लिये। गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव फतेहपुर जसोदा निवासी अमितेश दुबे ने सदर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि वह कोका कोला पोलिक्ट प्रोडक्ट्स का डिस्ट्रीब्यूटर तथा एमके ट्रेडर्स का प्रोपराइटर है। 09 मार्च को वह फुटकर दुकानदारों से वसूली कर 03 लाख 22 हजार रुपये लाया था जो कार में रखे थे। वह कार से सरोजनी कोल्ड स्टोरेज की ओर जा रहा था। मानीमऊ पहुंचा तभी तेज रफ्तार ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। इससे कार पलट गई। मदद के दौरान किसी ने कार में रखे रुपये पार कर दिये।

### सामान्य ज्ञान में बच्चों ने दिखाया दम

**छिबरामऊ।** नगर के विशुनगढ़ रोड स्थित एस.पी.एल. आदर्श विद्यालय में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। जूनियर वर्ग की वैष्णवी (प्रथम), शिप्रा (द्वितीय) और आर्यन यादव (तृतीय), सीनियर वर्ग की अनुराग कुमार (प्रथम), गुलशन यादव (द्वितीय) तथा कामिनी, कनिष्का व सुमेदा (संयुक्त तृतीय) रही। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### वार्डवासियों को सम्मानित किया

**गुरसहायगंज।** नगर व वार्ड को सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए जागरूक होना बहुत जरूरी है। इसके लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना होगा। यह बात सभासद प्रतिनिधि शिवा गुप्ता ने कही। बुधवार को शहरी स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर के वार्ड नंबर दो राजेंद्र नगर की सभासद ऋतु गुप्ता के प्रतिनिधि शिवा गुप्ता ने वार्ड के जागरूक नागरिक राधेश्याम शर्मा, वीरेंद्र कुशवाहा, मुकेश शर्मा, रामचंद्र पाल को फूलमाला पहना कर व प्रतीक चिंह देकर सम्मानित किया। कहा कि ऐसे ही जागरूक लोगों से प्रेरणा लेकर लोग कार्य करते है। कहा कि गीला और सूखा कूड़ा का अलग-अलग निस्तारण करें। इस दौरान अनित शुक्ला, महेंद्र कुमार गोलू तिवारी तूफानी शर्मा, आदर्श शर्मा, लालू कुशवाहा, ताहिर कठेरिया समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### शीतला माता मंदिर में उमड़ी आस्था

**फर्रुखाबाद।** चैत्र माह की अष्टमी के पावन अवसर पर जनपद के बढ़पुर स्थित प्रसिद्ध शीतला माता मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लग गईं और भक्तों ने माता शीतला के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में दिनभर भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा।

### करंट की चपेट में आया मजदूर, मौत

**कायमगंज।** नगर में मौरंग उतारते समय 11000 वोल्ट की विद्युत लाइन की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। उसे गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पहचान मईहादीदपुर निवासी 38 वर्षीय रामबरन के रूप में हुई है। वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। बुधवार को वह गांव में ही एक दुकान पर आए मोरंग के ट्राला से मोरंग उतार रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### तंबाकू के सेवन से बचने की अपील की

**कायमगंज।** नगर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में हस्ताक्षर अभियान चलाकर लोगों को तंबाकू उत्पादों के सेवन से बचने और छोड़ने के लिए जागरूक किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विपिन सिंह ने कहा कि आजकल कम उम्र के बच्चे और युवा नशे के चुंगल में फंस रहे हैं। उन्होंने बताया कि कम उम्र में नशा करने वालों को वृद्धावस्था से पहले ही कई गंभीर बीमारियां घेर लेती हैं। इस अवसर पर डॉ जितेंद्र बहादुर सिंह डॉक्टर अमरेश, डॉ नदीम इक़बाल, डॉ सचिन फरेजिया, फैजल खान, डॉ प्रवल शाक्य, महिला डॉक्टर सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का स्टाफ एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# भीषण सड़क हादसे में तीन की मौत, कोहराम

## गोवर्धनी तिराहे के निकट मंगलवार की देर रात हुई दुर्घटना

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जलालपुर पनवारा में दो बाइकों में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। इससे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। बाद में ट्रैक्टर पलट गया। दुर्घटना में तीन बाइक सवारों की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को जिला अस्पताल ले गई। वहां डाक्टर ने जांच के बाद मौत की पुष्टि की। घायल ट्रैक्टर चालक को जिला अस्पताल से रेफर कर दिया गया।

मंगलवार की देर रात सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव इनायतपुर निवासी अरवाज अली (18) पुत्र जुल्फिकार अली व अब्दुल अहत (13) पुत्र मोहम्मद खुद्दूस एक ही बाइक पर सवार होकर गांव से गुरसहायगंज की ओर जा रहे थे। दूसरी बाइक से अमित सिंह (36) पुत्र कश्मीर सिंह निवासी छिबरामऊ अपनी बाइक से घर जा रहा था। जैसे ही दोनों बाइकें गोवर्धनी तिराहे के निकट पहुंची उसी समय कोल्ड स्टोरेज में आलू डाल कर लौट रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक राजू ने दोनों बाइकों में टक्कर मार दी। बाइकों को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर पलट गया। इससे तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रैक्टर चालक राजू गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची जलालापुर पनवारा चौकी पुलिस ने सभी को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। जिला अस्पताल में इमरजेंसी के डाक्टर ने जांच के बाद अरवाज अली, अब्दुल अहत व अमित दोहरे को मृत घोषित कर दिया। राजू को प्राथमिक उपचार देने के बाद मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने तीनों मृतकों की शिनाख्त करने के बाद परिजनों को घटना की जानकारी दी। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। सभी के परिजन जिला अस्पताल पहुंच गये। बाद में डाक्टर ने तीनों मृतकों के शवों को मोर्चरी में रखवा दिया। बुधवार की सुबह जलालपुर चौकी प्रभारी प्रशांत गौतम ने जिला अस्पताल पहुंच कर तीनों शवों का पंचनामा भर कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे। मामले में परिजनों की ओर से कोतवाली पुलिस को ट्रैक्टर चालक के खिलाफ तेजी व लापरवाही से ट्रैक्टर चला कर दुर्घटना करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जांच शुरू हो गई है।

अनियंत्रित ट्रैक्टर दो बाइकों में टक्कर मार कर पलटा




## नहीं रहे भाजपा के संस्थापक सदस्य उमाकांत मिश्रा


उमाकांत मिश्रा।

**कन्नौज।** भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं संस्थापक सदस्य रहे कन्नौज नगर के होली मोहल्ला निवासी उमाकांत मिश्रा का बुधवार सुबह स्वर्गवास हो गया।

उनके आवास पर अंतिम दर्शन करने के लिये उत्तर प्रदेश सरकार में समाज कल्याण मंत्री एवं कन्नौज विधायक असीम अरुण और भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, वरिष्ठ भाजपा नेता समीर पाठक 'छोटू' समेत कई गणमान्य लोगों ने उनके आवास पर पहुंच कर अंतिम दर्शन किए। अंतिम यात्रा में भी लोगों की भारी भीड़ रही। शव यात्रा आवास से निकल कर महादेवी गंगा तट पर पहुंची जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान जिला महामंत्री शैलेंद्र द्विवेदी, आईटी सेल जिलाध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय, भाजपा नगर अध्यक्ष शिवेंद्र कुमार, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद दुबे छन्नू ने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

# गुरसहायगंज में पिकअप की टक्कर से हाईवे पर पलटी बोलेरो, आठ घायल

संवाददाता गुरसहायगंज


हाईवे पर खड़ी क्षतिग्रस्त पिकअप व मौजूद लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दुल्हन की विदा करा कर घर लौटते समय बोलेरो में पिकअप ने हाईवे पर टक्कर मार दी। इससे बोलेरो सवार छह व पिकअप सवार दो लोग घायल हो गए।

बुधवार की शाम लगभग 03.30 बजे हाईवे के ग्राम रजलामऊ स्थित कट के निकट कुछ लोग दुल्हन की विदा करा कर बोलेरो कार से लौट रहे थे। इस दौरान पिकअप के चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे बोलेरो हाईवे पर पलट गई। दुर्घटना में बोलेरो चालक हरदोई के थाना बघौली के कुरसठ ग्राम सहोरिया बुजुर्ग निवासी शर्मा लाल पुत्र रामआसरे, हरदोई के संडीला दलेलनगर निवासी निशा पत्नी जयराम, धर्मेन्द्र व उसकी पत्नी रानी, सीमा पत्नी नृपत व हरदोई के माधौगंज बढ़नवा निवासी संजय पुत्र श्रीपाल सहित पिकअप सवार मैनपुरी के कुरावली निवासी आशीष पुत्र सत्यवीर व मैनपुरी के कुरावली मुहल्ला देवी नगर निवासी कैलाशी देवी पत्नी सदानंद घायल हो गई। पुलिस ने घायलों को निजी व सरकारी अस्पताल में भर्ती करा कर क्रेन से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाया।

### पिता को देख लौट रहे युवक की दुर्घटना में मौत

**छिबरामऊ।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरबटपुर में उस वक्त मातम छा गया, जब पिता का हाल जानकर लौट रहे पुत्र की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। ग्राम बरबटपुर निवासी अमित (35) पुत्र कश्मीर सिंह, 2 मार्च को पिता से मिलने कानपुर स्थित अस्पताल गया था। उसके पिता कश्मीर सिंह ने अज्ञात कारणों से जान देने का प्रयास किया था, जिसके बाद उन्हें गंभीर हालत में कानपुर रेफर किया गया था। बुधवार को घर लौट रहा था, तभी रास्ते में वह सड़क हादसे का शिकार हो गया। अमित की मौत की खबर जैसे ही गांव पहुंची, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक अपने पीछे पत्नी सोनी, बेटी मुस्कान और दो मासूम बेटे हार्दिक व विराट को छोड़ गया है। बदहवास पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# गर्भवती की ऑपरेशन के बाद मौत, डॉक्टरों पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** गर्भवती का गलत ऑपरेशन करने से उसकी हालत खराब हो गई। डॉक्टर खुद उसे कार से कानपुर के अस्पताल ले गये जहां उसकी मौत हो गई। पीड़ित ने हास्पिटल के डॉक्टर दंपति के खिलाफ लापरवाही से ऑपरेशन करने की रिपोर्ट न्यायालय के आदेश पर सदर कोतवाली में दर्ज कराई है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मलिकापुर गांव निवासी मुकेश पुत्र रामपाल ने न्यायालय के आदेश पर सदर कोतवाली में ठठिया रोड मानपुर चौराहा निवासी न्यू यश हास्पिटल एवं सर्जिकल सेंटर के डा. संजय सिंह गौतम व उनकी पत्नी डा. आकांक्षा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि उन्होंने अपनी गर्भवती पत्नी साधना (30) को 14 अगस्त 2024 को सुबह 10 बजे न्यू यश हास्पिटल में प्रसव के लिये भाई बृजेश व उसकी पत्नी के साथ भेज कर भर्ती कराया था। आरोपियों ने गलत ऑपरेशन कर दिया। इससे उसकी हालत बिगड गई। इसके बाद डॉक्टर दंपति पत्नी को गंभीर हालत में अपनी कार से कल्यानपुर मेडिकल सेंटर जीटी रोड पर ले गये।

उसी दिन नौ बजे रात उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम में मौत का कारण इंसटूमेंट इंजरी दर्शाया गया। आरोप लगाया कि पत्नी साधना की मौत डाक्टर दंपति की लापरवाही से हुई है। कोतवाली पुलिस व एसपी को शिकायती पत्र दिया पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इस के बाद वह न्यायालय की शरण में गया।

# मायके से पत्नी ने आने से मना किया तो युवक ने दे दी जान

संवाददाता,छिबरामऊ, कन्नौज


हिमांशु पांडे।

**अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला बनवारी नगर में उस समय मातम छा गया, जब एक युवक ने गृह कलह और नाराजगी के चलते आत्मघाती कदम उठा लिया।

जानकारी के अनुसार, शरद पांडे का पुत्र हिमांशु पांडे लखनऊ में एक दवा कंपनी में सेल्समैन के पद पर कार्यरत था। होली पर पत्नी पलक पांडे को उसके मायके मैनपुरी छोड़ आया था। त्योहार बाद हिमांशु ने पलक को फोन कर वापस लखनऊ चले आने को कहा। पत्नी ने दो-चार दिन बाद आने की बात कही, जिससे वह नाराज हो गया। गुस्से में वीडियो कॉल के जरिए ही फांसी लगाने की चेतावनी दे डाली। पत्नी ने इस बात की जानकारी हिमांशु की मां को दी, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। हिमांशु ने वीडियो कॉल के दौरान ही फांसी लगा ली, जिससे मंगलवार की रात उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजन लखनऊ पहुंचे और शव को लेकर वापस घर आए। इस घटना के बाद से पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### खौलते तेल की कड़ाही में गिरे दो युवक, गंभीर

**छिबरामऊ।** सौरिख थाना क्षेत्र के ईजलपुर गांव में एक शादी समारोह के दौरान बड़ा हादसा हो गया। हलवाई द्वारा कड़ाही में पूड़ियां तली जा रहीं थीं। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से दो युवक उसमें गिरकर गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों को तत्काल सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ईजलपुर निवासी कैलाश चंद्र सक्सेना की पुत्री रजनी की बुधवार को शादी थी। इस कार्यक्रम में उनके दो दामाद मुलायम सिंह (30) पुत्र मुन्ना लाल (निवासी नीम करोली धाम) और दिनेश सक्सेना (36) पुत्र विजय पाल (निवासी इंदिरा नगर, छिबरामऊ) शामिल होने आए थे। दोपहर लगभग एक बजे प्रीतिभोज के लिए पूड़ियां तली जा रही थीं। मुलायम और दिनेश वहीं पास में खड़े थे, तभी अचानक पैर फिसलने के कारण दोनों संतुलन खो बैठे और खौलते तेल की कड़ाही में जा गिरे। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे परिजनों ने दोनों को बाहर निकाला और सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार, दोनों काफी झुलस गए हैं।

# मचान विधि से खेती और ड्रिप सिंचाई की दी गई जानकारी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

अमृत विचार। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेजिटेबल में 80 किसानों को कद्दू वर्गीय सब्जियों की मचान विधि से खेती की जानकारी दी गई।

जिला उद्यान अधिकारी सीपी अवस्थी ने बताया कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना वर्ष 2025-26 के अंतर्गत 10 व 11 मार्च को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र, औरैया के वैज्ञानिक डॉ.आई.पी. सिंह ने कद्दूवर्गीय सब्जियों की मचान विधि से वैज्ञानिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने फसलों में लगने वाली विभिन्न बीमारियों, उनके लक्षणों एवं प्रभावी बचाव के उपायों के अलावा सब्जियों की तुड़ाई एवं पैकिंग की सावधानियों के बारे में भी बताया। कृषि विज्ञान केंद्र, अनौगी के उद्यान वैज्ञानिक डॉ. अमर सिंह ने जायद मौसम में विभिन्न सब्जियों की उन्नत खेती से संबंधित तकनीकी जानकारी प्रदान की। कृषि मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र कुमार ने मौसम की अनियमितता तथा बढ़ते तापमान का सब्जियों की खेती पर पड़ने वाले प्रभावों की जानकारी दी। बताया कि गर्मी के मौसम में सब्जियों की खेती के लिए ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो सकती है, जिससे पानी की बचत के साथ उत्पादन में भी वृद्धि होती है। केंद्र पर कार्यरत आउटसोर्स विशेषज्ञ आशीष कुमार एवं वैभव प्रताप ने भी जायद की सब्जियों की खेती से संबंधित महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारियां दीं।

# बालाजी परिवार ने कराया सुंदरकांड

संवाददाता कायमगंज


सुन्दरकाण्ड में शामिल बालाजी परिवार के सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर में बालाजी परिवार द्वारा आयोजित 45 वां सुंदर पाठ का आयोजन पृथ्वी दरवाजा में बहुत ही भक्तिमय रूप से संपन्न हुआ। जिसमें सभी भक्तों ने मिलकर बाबा का गुणगान किया एवं भजनों को गाकर बाबा रिझाया।

कार्यक्रम में प्रभु श्री राम दरबार ,श्री बालाजी महाराज, खाटू श्याम बाबा एवं अन्य देवी देवताओं से दरबार को सुशोभित किया गया। श्री रामचंद्र भगवान एवं श्री बालाजी महाराज को सुंदरकांड का पाठ गाकर सुनाया गया। तत्पश्चात श्री बालाजी महाराज एवं खाटू नरेश बाबा का फागन महीने के अवसर पर भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी भक्तों ने फूलों एवं गुलाल से सबसे पहले प्रभु को फूल अर्पित कर एवं रंग लगाकर होली की शुरुआत की इसके बाद सभी भक्तों ने एक दूसरे को रंग लगाकर बधाई दी। बाबा की भक्ति में सभी भक्तों ने भक्तिमय तरीके से भजन गायन किया उसके पश्चात जलपान कर एवं प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। श्री बालाजी महाराज की कृपा से यह सुंदरकांड का आयोजन 45 माह से होता चला आ रहा है। 45 वें सुंदरकांड पाठ के आयोजन में मुख्य रूप से पियूष अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, अनमोल अग्रवाल, मान्या अग्रवाल , रश्मि दुबे, गिरिजेश अग्रवाल उझानी, रुचि बंसल, आयुषी अग्रवाल, तृप्ति बंसल, दीपिका अग्रवाल, बिंदु अग्रवाल, ऊषा अग्रवाल ,नीरू अग्रवाल , हेमा अग्रवाल, बीना अग्रवाल, पिंकी गुप्ता, पूनम गुप्ता, नीलम गुप्ता, नेहा रस्तोगी, नीति मित्तल, आशू अग्रवाल , रितु गुप्ता, प्रिया अग्रवाल, बीना अग्रवाल, मेघा अग्रवाल, गुंजन गोयल, मोनिका अग्रवाल, रोली गुप्ता, आरती राठौर, सीमा गुप्ता, शिखा अग्रवाल ,आशा अग्रवाल ,अनुपम अग्रवाल, क्षमा अग्रवाल, बीना वर्मा, सिया शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## गैस एजेंसियों पर उमड़ी भारी भीड़

**फर्रुखाबाद।** अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते युद्ध की खबरों के बाद फर्रुखाबाद जनपद में भी एलपीजी सिलेंडर को लेकर लोगों में घबराहट देखी जा रही है।

फतेहगढ़ से लेकर फर्रुखाबाद शहर तक की गैस एजेंसियों पर सुबह से शाम तक सिलेंडर बुक कराने और लेने के लिए ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें लग रही हैं और लोग जल्द से जल्द सिलेंडर लेने की कोशिश कर रहे हैं।

गैस एजेंसी संचालकों के अनुसार सिलेंडर वितरण की प्रक्रिया निर्धारित नियमों के तहत की जा रही है। एजेंसियों पर ओटीपी सत्यापन के बाद ही सिलेंडर दिए जा रहे हैं और यह सुविधा केवल उन्हीं उपभोक्ताओं को मिल रही है जिनके पिछले सिलेंडर को लिए 25 दिन पूरे हो चुके हैं। इसके कारण कई लोगों को तत्काल सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है।

# 48 घंटे के अखंड संकीर्तन के बाद बृजवासियों की नगर भ्रमण यात्रा

संवाददाता अमृतपुर


यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बा अमृतपुर में वृंदावन से आए बृजवासियों द्वारा किए गए 48 घंटे के अखंड संकीर्तन के समापन पर भव्य नगर भ्रमण यात्रा निकाली गई।

इस धार्मिक यात्रा में कस्बे के सैकड़ों श्रद्धालु, ग्रामवासी और क्षेत्रवासी शामिल हुए। यात्रा के दौरान पूरा अमृतपुर भक्ति रस में डूबा नजर आया और चारों ओर हरे रामा हरे कृष्णा के जयघोष गूंजते रहे। बताया गया कि बृजवासियों द्वारा अमृतपुर निवासी सोनू अवस्थी के निवास पर 48 घंटे का अखंड संकीर्तन आयोजित किया गया था। लगातार दो दिनों तक चले इस संकीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भजन-कीर्तन में शामिल हुए और भगवान के नाम का स्मरण किया। संकीर्तन के समापन के अवसर पर बृजवासियों द्वारा नगर भ्रमण यात्रा निकालकर पूरे कस्बे में भक्ति का संदेश दिया गया।

नगर भ्रमण यात्रा के समापन पर सभी श्रद्धालु पुनः सोनू अवस्थी के निवास पर पहुंचे, जहां भंडारे व प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में कस्बा वासियों ने वृंदावन से आए बृजवासियों को भावुक होकर नम आंखों से विदाई दी और उनके द्वारा किए गए संकीर्तन व भक्ति कार्यक्रम की सराहना की। इस दौरान अजय कुमार सिंह (चौहान वाला भैया), जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र देव तिवारी, गोपाल सक्सेना, प्रशांत अवस्थी, सोनू अवस्थी, ओमप्रकाश अवस्थी उर्फ राधे-राधे सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

निर्देश | डीएम ने की गैस एजेंसियों व पेट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक

# उपभोक्ताओं को प्राथमिकता से उपलब्ध कराएं गैस, डीजल व पेट्रोल

संवाददाता फर्रुखाबाद



बैठक में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व अन्य अधिकारी।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद की सभी गैस एजेंसियों एवं पेट्रोल पम्प संचालकों के साथ आवश्यक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सर्वप्रथम विक्रय प्रबंधक एलपीजी/पेट्रोलियम पदार्थ द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में गैस, पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है तथा कहीं भी किसी स्तर पर इनकी आपूर्ति में कोई बाधा नहीं है। जिलाधिकारी ने सभी गैस एजेंसियों को निर्देशित किया कि वे अपनी एजेंसियां प्रातः निर्धारित समय पर खोलना सुनिश्चित करें तथा बुकिंग के उपरांत एक से दो दिन के भीतर उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर गैस की डिलीवरी उपलब्ध कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस उपभोक्ता द्वारा बुकिंग की गई है। उसी को गैस सिलेंडर की डिलीवरी दी जाए। सीएससी केंद्रों पर गैस केवल उसी स्थिति में दी जाए ।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी गैस एजेंसी एवं पेट्रोल पम्प स्वामी अपने स्टॉक की स्थिति को देखते हुए अग्रिम रूप से धनराशि जमा कराकर गैस, डीजल एवं पेट्रोल की आपूर्ति समय से मंगाना सुनिश्चित करें। भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशों के अनुसार किसी भी दशा में बोतल, केन अथवा खुले पात्र में पेट्रोल की बिक्री न की जाए तथा पेट्रोल की बिक्री केवल वाहनों की टंकियों में ही की जाए। इस संबंध में सूचना सभी पेट्रोल पम्पों पर प्रदर्शित की जाए। डीजल की बिक्री के संबंध में यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को कृषि कार्य हेतु अनुमन्य मात्रा से अधिक डीजल एक बार में न दिया जाए।उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति अधिक मात्रा में गैस सिलेंडर, डीजल अथवा पेट्रोल खरीदकर जमाखोरी करने का प्रयास करता है तो इसकी सूचना तत्काल प्रशासन को दी जाए। सभी गैस एजेंसी एवं पेट्रोल पम्प संचालकों को यह भी निर्देशित किया गया कि निर्धारित मूल्य एवं निर्धारित मात्रा के अनुसार ही ईंधन की आपूर्ति की जाए। यदि कहीं अधिक मूल्य वसूलने अथवा घटतौली की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत विधिक कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर पलटने से पल्लेदार की मौत, दो लोग घायल

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** नवाबगंज रोड पर बुधवार को सड़क हादसे में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे एक पल्लेदार की मौत हो गई, जबकि चालक समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बा निवासी रामनिवास कठेरिया का ट्रैक्टर उसका भांजा अभिषेक कुमार (22) पुत्र बबलू, निवासी ग्राम रतनपुर थाना अलाऊ जनपद मैनपुरी चला रहा था। ट्रैक्टर पर उसके साथ मामा का लड़का गौतम पुत्र बेचेलाल निवासी कृष्णा बलराम नगर तथा धीरेंद्र कुमार उर्फ धीरू (20) पुत्र संतराम बाथम सवार थे। तीनों मजदूरी के लिए पल्लेदारी करने जा रहे थे। बताया गया है कि तीनों कस्बा निवासी चक्रपाल के यहां आलू लोड करने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान नवाबगंज रोड पर रोहिला चौराहे से करीब 200 मीटर पहले शनिदेव मंदिर के पास ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद ले जाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने धीरेंद्र कुमार उर्फ धीरू को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### 27 घंटे बाद मिला नहर में डूबे युवक का शव

**कुसमिलिया (जालौन)।** डकोर थाना के समीप हमीरपुर शाखा नहर पुल के बीच डिवाइडर से टकराकर नहर में डूबे 25 वर्षीय युवक जयहिंद विश्वकर्मा का शव करीब 27 घंटे बाद एसडीआरएफ की टीम ने बरामद कर लिया। टीम को शव घटनास्थल से करीब दस किलोमीटर दूर एरी रामपुरा के पास पुल में फंसा मिला। राठ थाना के अंतर्गत विगवा निवासी 25 वर्षीय जय हिंद विश्वकर्मा सोमवार की रात करीब एक बजे उरई में बुआ सुनीता के घर से अपने गांव की ओर बाइक से जा रहा था तभी रात होने की वजह से पुल के बीचों बीच बने डिवाइडर से टकरा गिर गए थे।

### चोर गिरफ्तार, बाइक व बकरा बरामद

**कालपी (जालौन)।** पुलिस ने बकरा चोरी के आरोपी को बकरा व बाइक सहित धर दबोचा। कोतवाली प्रभारी अजयब्रह्म तिवारी के अनुसार बुधवार दोपहर वह तथा सब इंसपेक्टर देवेंद्र भदौरिया सिपाही दीपक तथा योगेश के साथ रायढ़ दिवारा की तरफ जा रहे थे इसी दौरान एक युवक बाइक पर बकरा लादकर आता मिला था। शक होने पर उसे रोककर पूछा तो उसने अपनी पहचान समीर दीवान पुत्र शमीम दीवान निवासी भट्टीपुरा कालपी बताया और कहा कि यह बकरा वह चोरी कर ला रहा था जिसे वह बेच देता। पुलिस ने उसके खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

### युवक पर दो भाइयों ने पीटा

**इटावा।** थाना चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत दवाई लेकर घर लौट रहे युवक पर दो भाइयों ने लाठी से हमला कर दिया। मनमोहन सिंह निवासी भागीपुर थाना सैफई ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। इसमें बताया कि वह 6 मार्च को बुखार की दवाई लेकर राहिन से वापस लौट रहा था। तभी सैयद बाबा के मंदिर के पास घात लगाकर बैठे जगन्नाथ व रामकिशुन ने उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, इससे उसके शरीर में कई जगह चोटें आई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

### सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल

**बकेवर।** थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत अलग-अलग स्थानों पर हुईं सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए। लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम धौरखा निवासी सोनी देवी पत्नी अरविंद कुमार ने बताया कि उसका पुत्र शेखर बुधवार की सुबह आगरा-कानपुर हाईवे पर इटावा जाने के वाहन का इंतजार कर रहा था उसी समय बाइक चालक ने धौरखा गांव के सामने टक्कर मार दी। घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को हुई तो वह मौके पर पहुंचे और एम्बुलेंस से घायल को इलाज के लिए 50 शैया अस्पताल बकेवर ले गए। यहां चिकित्सक ने इलाज के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत बस्ती महेवा निवासी पंकज तिवारी बुधवार को यूटूबर बहन रिचा तिवारी को बाइक पर बैठाकर वीडियो सूट कराने के लिए जसवंतनगर जा रहे थे जैसे ही उनकी बाइक बकेवर थाना क्षेत्र के आगरा कानपुर नेशनल हाईवे बकेवर के पास पेट्रोल पंप के सामने पहुंची उसी समय बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक असंतुलित होकर डिवाइडर में टकरा गई। जिससे भाई बहिन हाईवे पर गिर कर घायल हो गए। यूटूबर भाई बहन को हाईवे पर घायल पड़ा देख आते जाते राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस फोर्स मौके पर पहुचा और घायलो को एम्बुलेंस से इलाज के लिए 50 शैया अस्पताल बकेवर भिजवाया।

# वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव के तीसरे दिन इंद्रसभा का किया मंचन

संवाददाता, जसवंतनगर

**अमृत विचार।** श्री 1008 आदिनाथ जिन बिम्ब वेदी प्रतिष्ठा एवं आध्यात्मिक ज्ञानामृत महोत्सव के तृतीय दिवस का कार्यक्रम प्रतिदिन की भांति जाप, अनुष्ठान, अभिषेक और पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। इसके बाद रत्नत्रय विधान संपन्न कराया गया तथा वक्ताओं द्वारा आत्म कल्याणकारी प्रवचन दिए गए।

प्रवचन के उपरांत नगर के नन्हे-नन्हे बच्चों ने आत्मा गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इसके बाद स्वर्ग लोक की भांति इंद्र सभा का मंचन किया गया। मंचन के दौरान दो दर्जन से अधिक इंद्राणियों ने धर्म से जुड़ी अपनी जिज्ञासाएं इंद्र से पूछीं। इंद्र ने उनके प्रश्नों का सटीक उत्तर देते हुए जैन धर्म के स्वरूप और आत्म कल्याण के महत्व को विस्तार से बताया। वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत नवीन वेदी की शुद्धि के लिए भव्य घटयात्रा भी निकाली गई। सैकड़ों महिलाओं ने पीत वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर इस यात्रा में भाग लिया। घटयात्रा महावीर वाटिका अयोध्यापुरी से प्रारंभ होकर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंची, जहां घटयात्रा में लाए गए कलशों के जल से नवीन वेदी की विधिवत शुद्धि की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में विनोद जैन कैमरा, अनुपम जैन, निकेतन जैन, गोल्डन जैन, चेतन जैन मोबाइल, तन्मय जैन, नीरज जैन, मनोज जैन, सुनील जैन सहित अनेक जैन समाज जन की उपस्थिति रहीं।



घटयात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

# डीएम ने की योजनाओं की समीक्षा बैठक

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमें समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक और दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की गहन समीक्षा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र व्यक्ति तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए साथ ही इस वित्तीय वर्ष में अधिक से अधिक नए लोगों को जोड़ा जाए और लाभान्वित किया जाए जिससे इस वित्तीय वर्ष का पैसा लेप्स न हो। पति की मृत्योपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजनान्तर्गत उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पात्र लोगों को इसका लाभ दिया जाए और अपात्र लोगों को हटाया जाए। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत 4656 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 3184 आवेदन स्वीकृत किए गए एवं शेष 802 आवेदन अस्वीकृत किए गए साथ ही उन्होंने बताया कि इसमें 25000 हजार रुपये 6 बार में बालिका को दिए जाते है। उन्होंने उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजनान्तर्गत बताया कि 2025-2026 में स्वीकृत आवेदन की संख्या 718 है एवं फरवरी माह में नवीन 78 लाभार्थियों का अनुमोदन किया गया है साथ ही उन्होंने बताया कि प्रवरकर्ता कार्यक्रम योजना योजनान्तर्गत 2025-2026 में कुल आवेदन की संख्या 268 है। जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन और दिव्यांगजन सशक्तिकरण के तहत पात्रों के सत्यापन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। विवाह योजना के तहत नवरात्र में अधिक से अधिक गरीब लड़कियों की शादी कराने हेतु निर्देश दिए। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल, जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास प्रिया शर्मा, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल। अमृत विचार

- **योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जाए : डीएम**

# लूट के दोषी को पांच साल के कठोर कारावास की सजा

## न्यायालय ने दोषी पर लगाया पांच हजार रुपये का आर्थिक जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, इटावा



**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम आलोक कुमार श्रीवास्तव ने लूट के 14 साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे पांच साल की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उसे दो माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पडेगा।

बताया गया है कि ऊसराहार थाना क्षेत्र के गांव सुंदरा निवासी सत्य राम पुत्र नाथू राम अपनी पत्नी दया श्री व साले के लडके आदेश निवासी सुजानपुर औरैया के साथ 29 जून 2012 को रिश्तेदारी में आयोजित एक 13वीं संस्कार में भाग लेने के लिए बाइक से जा रहे थे। जब उनकी बाइक गांव से थोड़ी ही दूर पर पहुंची तभी बाइक पर सवार दो बदमाशों ने उन्हें तमंचा के बल पर रोक लिया। उनके रुकते ही बाइक सवार बदमाशों ने मारपीट की और दया श्री के पास से कानों से झुमके चेन व नकदी लूट ली। सत्य राम के शोर मचाने पर गांव के लोग दौड पड़े। गांव के लोगों को आता देख एक बदमाश तो बाइक लेकर भाग निकला लेकिन दूसरे बदमाश को पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम विश्राम सिंह पुत्र सुल्तान सिंह निवासी दरिया पुर करहल बताया। उसने अपने भागे साथी का भी नाम बताया। बाद में लोगों ने पकड़े विश्राम सिंह को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने लूट की धाराओं में मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। जांच के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए।

मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम की कोर्ट में हुई। विशेष लोक अभियोजक गौरव दीक्षित ने सरकार की ओर से पैरवी की। उनके द्वारा पेश किए गए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने विश्राम सिंह को दोषी पाया और उसे पांच साल की सजा व पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर उसे दो माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा।

### चोरी के दोषी का 1 साल 26 दिन की सजा

- **इटावा।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने चोरी के एक मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को साक्ष्यों के आधार पर दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर उसे एक साल 26 दिन की सजा सुनाई व दो हजार रुपया के अर्थदंड सं दंडित किया। इकदिल थाना पुलिस ने पिंटू पुत्र सुरेश बंजारा निवासी राम नगर बुआ पुर को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उसके खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेशकर दिए थे। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर उसे दोषी पाया और एक साल 26 दिन की सजा व दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

### परचून की दुकान में आग, सामान जलकर राख

**ताखा।** थाना क्षेत्र के भरतिया गांव में एक परचून की दुकान में आग लगने से सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित दुकानदार ने रंजिश के चलते आग लगाने की आशंका जताई है। भरतिया निवासी शबनम बेगम पत्नी रफीक खां गांव में परचून की दुकान रखे हैं। बीती रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके खोखे में आग लगा दी, जिससे दुकान में रखा सामान जलकर नष्ट हो गया। रफीक खां ने बताया कि वह गरीबी की दुकान चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। आग लगने से दुकान में रखा करीब 1800 रुपये नकद सहित सारा सामान जलकर राख हो गया। रफीक ने बताया कि पड़ोसी को उधार देने से मना कर दिया था। इसी बात को लेकर वह रंजिश मान रहा था और दुकान जलाने की धमकी भी दे रहा था। इसलिए उन्हें आशंका है कि उसी व्यक्ति ने आग लगाई है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।



शिविर में मौजूद अपर जिला जज आरती द्विवेदी व अन्य। अमृत विचार

# महिलाओं को किया जागरूक

**भरथना।** विकासखंड सभागार में बुधवार को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आरती द्विवेदी ने की। कार्यक्रम का संचालन तहसील स्तरीय विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं तहसीलदार भरथना द्वारा किया गया।

बैठक में खंड विकास अधिकारी विजय शंकर प्रसाद भी उपस्थित रहे। शिविर में आशा कार्यकर्ता समूह की समूह सखियां, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं शामिल हुईं। इसके अलावा अधिकार मित्र भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। शिविर को संबोधित करते हुए आरती द्विवेदी ने उपस्थित आशा, आंगनबाड़ी एवं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने विशाखा गाइडलाइन के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि महिलाओं को कार्यस्थल पर सुरक्षा और सम्मान का अधिकार है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में चार अधिकार मित्र कार्यरत हैं, जिनके माध्यम से समाज के वंचित एवं पिछड़े वर्ग के लोग जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आवेदन कर निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान खंड विकास अधिकारी विजय शंकर प्रसाद और तहसीलदार भरथना दिलीप कुमार ने भी विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित शिविर के उद्देश्यों और महत्व पर प्रकाश डाला।

# बीएससी नर्सिंग परीक्षा में विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन, किया सम्मानि

संवाददाता, जसवंतनगर

**अमृत विचार।** चौधरी सुघर सिंह नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों ने बीएससी नर्सिंग परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया है। बीएससी नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर के परिणाम में इशिका ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। खुशी यादव एवं त्रप्ति ने 82.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि योगेश ने 79.2 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार बीएससी नर्सिंग छठा सेमेस्टर के परिणाम में छाया रानी ने 85.09 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऋषि कुमार ने 84.90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा प्रिया वर्मा ने 84.36 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर संस्था के प्रबंध निदेशक अनुज मोंटी यादव ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। वहीं संस्था की निदेशक डॉ. रीमा मंडल ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की। कॉलेज के शिक्षकों एवं स्टाफ ने बच्चों को सम्मानित कर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




छात्र छात्राओं के साथ कालेज का स्टाफ। अमृत विचार

### सड़क हादसे में पिता-पुत्र घायल

**इटावा।** इटावा-भरथना मार्ग पर बुधवार सुबह साढ़े 10 बजे अनियंत्रित कार ने बाइक सवार पिता-पुत्र को टक्कर मार दी।

लखना निवासी संजू (40) व उसका पुत्र भोले (20) नवीन मंडी में पल्लेदार हैं। बुधवार सुबह बाइक से मंडी आ रहे थे। इटावा-भरथना मार्ग स्थित एक गेस्ट हाउस के पास कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे पिता-पुत्र सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद कार सवार गाड़ी समेत भाग गया। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां डॉक्टर श्याम मोहन ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। संजू के सिर में गंभीर चोट होने पर उसे सैफई रेफर कर दिया। थाना फ्रेंडस कॉलोनी के थानाध्यक्ष अमित मिश्रा ने बताया कि हादसे की जानकारी हुई है। आरोपी की खोजबीन की जा रही है।

# गैस वितरण नियमों में सख्ती शुरू

संवाददाता, कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** गैस की कीमतों में वृद्धि और ईरान युद्ध के चलते गैस वितरण में नियम सख्ती से लागू हो गये हैं जिससे अब दूसरे के नाम का गैस सिलेंडर नहीं मिलेगा। डिलीवरी के समय उपभोक्ता को ओटीपी बतानी होगी। हालांकि ये नियम नए नहीं लेकिन अब इन्हें सख्ती से लागू किया जा रहा है।

ईरान और अमेरिका के बीच संघर्ष शुरू होने के साथ रसोई गैस वितरण में नियम सख्त हो गये हैं आलम यह है कि कामर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति पूरी तरह से ठप है तो गैस सिलेंडर मिलने की सीमा 15 दिनों से बढ़ाकर 25 दिन कर दी गई है। इतना ही नहीं प्रति सिलेंडर कीमत में 60 रुपये की बढ़ोतरी भी हो गई है। पूर्ति विभाग के एआरओ मनोज कुमार उत्तम के अनुसार उपभोक्ताओं को परेशान होने की जरूरत नहीं है लेकिन नियमों का पालन सख्ती से करना होगा उनके अनुसार उपभोक्ताओं को सिलेंडर लेने से पहले ओटीपी बतानी होगी जिससे अन्य व्यक्ति दूसरे के नाम का गैस सिलेंडर न ले सके। क्योंकि गैस की कालाबाजारी न हो। गैस एजेंसी संचालकों की बैठक लेकर उन्हें भी नियमों का अनुपालन करने की नसीहत दी है।



एजेंसी में एलपीजी गैस लेने पहुंचे उपभोक्ता। अमृत विचार

### शादी-समारोह वाले गैस सिलेंडर के लिए हो रहे परेशान

- शादियों का मौसम चल रहा है जिसमें खाना बनाने के लिए बड़ी संख्या में गैस सिलेंडर की आवश्यकता होती हैं लेकिन विगत कुछ दिनों से गैस की मारामारी शुरू हो गई है, जिससे समारोहों के लिए सिलेंडर मिलना मुश्किल हो रहा है क्योंकि गैस कंपनियों ने कामर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति पहले से ही रोक रखी हैं।

# सपा कांशीराम के जन्म दिवस को बहुजन समाज दिवस के रूप में मनाएगी : बबलू

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार ।** सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने कहा कि 15 मार्च को पूर्वाह्न 10 बजे से बहुजन नायक कांशीराम के 92वें जन्म दिवस को बहुजन समाज दिवस अर्थात पीडीए दिवस के रूप में एक गार्डन में मनाया जाएगा। सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने पार्टी कार्यालय पर प्रेसवार्ता में कहा कि कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव मुख्य अतिथि होंगे।

समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने 15 मार्च को पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियो, पार्टी के सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व जिलाध्यक्ष, जिला कार्य समिति के पदाधिकारियों, अध्यक्ष जिला पंचायत एवं सदस्यों, विधानसभा अध्यक्षों, ब्लॉक अध्यक्षों, नगर अध्यक्षों, पार्टी के ब्लॉक प्रमुखों, पूर्व ब्लाक प्रमुखों, नगर पालिका परिषद के अध्यक्षों, पूर्व अध्यक्ष एवं समस्त सभासदों, पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्षों को अपनी टीम सहित तथा पार्टी के जोन प्रभारियो, सेक्टर प्रभारियों, बूथ प्रभारियों, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, बीएलए 2 एवं पार्टी समर्थकों से साथियों सहित कार्यक्रम में समय से भाग लेने की अपील की है। प्रेसवार्ता में जिला महासचिव वीरभान सिंह भदौरिया, कोषाध्यक्ष बृजेंद्र यादव, भरथना विधायक राघवेंद्र गौतम, वरिष्ठ नेता लाखन सिंह जाटव आदि रहे।




पत्रकारों से बातचीत करते सपा जिलाध्यक्ष व अन्य नेता। अमृत विचार

- **सपा कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में दी जानकारी**

### पारिवारिक विवाद में जमकर मारपीट

**भरथना।** थाना क्षेत्र के कंधेशी पचार गांव निवासी राजवीर सिंह पुत्र स्व. रामशंकर सिंह ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार करीब 11 बजे गांव के एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी के साथ मारपीट की जा रही थी।

इसकी जानकारी मिलने पर महिला के पिता ब्रजेश कुमार पुत्र कृष्ण कुमार निवासी मक्खनपुर, फिरोजाबाद, जो रिश्ते में उनके साले लगते हैं, समझाने के लिए उसके घर पहुंचे थे। इसी दौरान कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया और करीब आधा दर्जन लोगों ने ब्रजेश कुमार के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित के अनुसार, रिश्तेदार के साथ मारपीट होती देख उनका भाई मनीष बीच-बचाव करने पहुंच गया। इस पर आरोपितों ने एकराय होकर लाठी-डंडों व धारदार हथियार से मनीष और ब्रजेश कुमार पर हमला कर दिया।

अव्यवस्था


**औसतन महीने में 3 बार खराब हो रहा कोतवाली के पास का नलकूप**

# गर्मी की शुरुआत होते ही पानी की किल्लत

संवाददाता, कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** गर्मी की शुरुआत होते ही नगर में पेयजल आपूर्ति बिगड़ने लगी है। कोतवाली के पास स्थित 10 नम्बर नलकूप आए दिन खराब हो रहा है जिससे उपभोक्ता खासे परेशान हैं।

नगर में जलापूर्ति की जिम्मेदारी जल संस्थान के पास है जो एक दर्जन से अधिक नलकूपों के माध्यम से लोगों के घरों तक पानी पहुंचाता है लेकिन विगत वर्षों से जल संस्थान की हालात ठीक नहीं बजट की कमी के चलते व्यवस्था संचालित करने के लिए वह नगरपालिका परिषद के भरोसे है जिसकी वजह से नगर में स्थापित 527 हैंडपंप में 200 तो गायब हो चुके हैं और जो बचे हैं उनमें से अधिकतर खराब हैं जिसकी वजह से नलकूपों के खराब होने की स्थिति में जनता के पास पानी के लिए कोई दूसरी व्यवस्था नहीं है साथ ही विभाग द्वारा जलापूर्ति के लिए लगाए गए नलकूप आए दिन खराब हो रहे है जिनके दुरूस्त होने में कई कई दिन लग जाते है जिससे प्रभावित क्षेत्र की जनता को मुसीबत का सामना करना पड़ता है। नीलाभ शुक्ला, मुन्ना नरहान, लल्लू आदि की माने तो कोतवाली के पास स्थापित नलकूप संख्या 10 माह में तीन बार खराब हो रहा है जिससे महमूदपुरा, इन्दिरा नगर, मनीगंज आदि मुहल्लों की जलापूर्ति खराब है। बुधवार सुबह भी खराबी की वजह से जलापूर्ति प्रभावित रही है। जल संस्थान के अवर अभियंता वारिस अली के अनुसार विभाग की व्यवस्था ठेके पर चल रही है जब भी जलापूर्ति में कोई खराबी होती हैं तो संबंधित ठेकेदार उसे दुरूस्त कराता है।



तालाब किनारे बना नलकूप। अमृत विचार

### जलापूर्ति प्रभावित होने से तालाब की कुछ मछलियां भी मरीं

- मालूम हो कि पुरानी कोतवाली के सामने नगरपालिका परिषद द्वारा छोटे गड्ढे को पक्के तालाब का रूप दिया गया है, जिसमें सैकड़ों की संख्या में मछलियां है जिन्हें बड़ी संख्या में लोग आटा खिलाने आते हैं लेकिन विगत कुछ दिनों से 10 नम्बर नलकूप खराब होने से उक्त कृत्रिम तालाब का पानी कम हो गया है जिससे लगभग आधा सैकड़ा मछलियों की मौत हो गई है जिससे लोग आक्रोशित है।

# दुकानों में घरेलू गैस सिलेंडर प्रयोग करने पर होगी कड़ी कार्रवाई:डीएम

## डीएम ने गैस एजेंसी व पेट्रोल पंप मालिकों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में बैठक की

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों तथा सोशल मीडिया पर प्रसारित अफवाहों का संज्ञान लेते हुए गैस एजेंसी व पेट्रोल पंप मालिकों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में बैठक की।

वर्तमान की स्थिति की जानकारी लेते हुए जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में संचालित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि उनके द्वारा व्यावसायिक गैस सिलेंडरों का ही प्रयोग किया जा रहा है। यदि उनके द्वारा व्यावसायिक सिलेंडर के स्थान पर घरेलू गैस सिलेंडर का प्रयोग किया जा रहा है तो उनके विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत सुसंगत धाराओं में विधिक कार्यवाही करते हुए अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने गैस एजेंसी संचालकों से अपेक्षा व्यक्त की,कि वह अपने अधीनस्थों को सचेत करते हुए अवगत करायें कि यदि उनके द्वारा गैस आपूर्ति के समय निर्धारित मूल्य से अधिक धन लिया जाता है तो संबंधित गैस एजेंसी की जिम्मेदारी तय करते हुए संबंधित गैस एजेंसी व वितरक के विरुद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि ऐसे स्थान जहां अवैध तरीके से गैस सिलेंडर अथवा डीजल व पेट्रोल का संग्रहण किया जा रहा है चिन्हित करते हुए नियमानुसार प्रवर्तन की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें जिससे कालाबाजारी को रोका जा सके।



बैठक के दौरान निर्देश देते डीएम डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

- आवश्यकता से अधिक सिलेंडर संग्रह करने पर होगी कड़ी कार्रवाई

साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि कार्यालय में कंट्रोल रूम की स्थापना की जाए और उसे कार्मिकों की तैनाती करते हुए उनकी जिम्मेदारी निर्धारित की जाए। उक्त के अतिरिक्त उन्होंने निर्देश दिए कि प्रतिदिन जनपद की समस्त एजेंसियों से आमजन द्वारा की गई बुकिंग तथा बुकिंग के सापेक्ष की गई डिलीवरी का उपभोक्तावार विवरण प्राप्त कर कंट्रोल रूम के माध्यम से आपूर्ति का सत्यापन कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद के सभी पेट्रोल पंप व गैस एजेंसियों की सूचना पुलिस अधीक्षक को उपलब्ध कराए जिससे गैस एजेंसी व पेट्रोल पंप पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। जिलाधिकारी ने सभी पेट्रोल पंप मालिकों से अपेक्षा व्यक्त की, कि वह जिन ग्राहकों को 50 लीटर से अधिक का पेट्रोल अथवा डीजल संयंत्र के अलावा दे रहे हैं तो उनसे अनिवार्य रूप से वाहन का नंबर व आधार कार्ड की छाया प्रति अवश्य प्राप्त करें। साथ ही 50 लीटर से अधिक एकमुश्त बिक्री का विवरण जिला पूर्ति अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने सभी गैस एजेंसियों व पेट्रोल पंप के संचालकों से अपेक्षा व्यक्त की, कि वह अपने-अपने संस्थानों में लगे सीसीटीवी कैमरों को क्रियाशील कराएं और यदि नहीं लगे हैं तो सीसीटीवी कैमरे लगवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जनपद की गैस एजेंसियों को तेल कंपनियों द्वारा घरेलू गैस सिलेंडरों की बुकिंग ओटीपी के माध्यम से करने के निर्देश दिए। साथ ही गैस उपभोक्ताओं को गैस गोदाम से घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति न की जाए तथा पुरानी बुकिंग वाले उपभोक्ताओ को पहले वरीयता दें। यदि गैस गोदाम से घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति उपभोक्ता को की जाए तो उस उपभोक्ता को होम डिलीवरी चार्ज वापस किया जाए। गैस कंपनियों के विक्रय अधिकारी अपने-अपने कंपनी की गैस एजेंसियों पर घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता एवं लोड की पर्याप्त आपूर्ति बनाए रहे। तेल कंपनियों के विक्रय अधिकारी गण अपने-अपने कंपनी की पेट्रोल पंपों पर डीजल व पेट्रोल की उपलब्धता एवं लोड के पर्याप्त आपूर्ति बनाए रहे। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती, जिला पूर्ति अधिकारी राजेश कुमार, टोरेंट गैस के प्रति निधि सहित गैस एजेंसी व पेट्रोल पंप संचालक आदि उपस्थित रहे।

# होली अष्टमी पर गमा देवी मंदिर में आस्था का सैलाब, नरायनपुर में लगा भव्य मेला

संवाददाता औरैया

**अमृत विचार।** होली अष्टमी के पावन अवसर पर क्षेत्र के नरायनपुर स्थित प्राचीन गमा देवी मंदिर में परंपरागत मेले का आयोजन हुआ, जहां सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। दूर-दराज के गांवों और कस्बों से बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां गमा देवी के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और अपनी मनोकामनाएं मांगीं। मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्तिमय माहौल बना रहा और जयकारों से वातावरण गूंजता रहा।

मेला स्थल पर महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की भारी भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने मंदिर में मत्था टेककर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं बच्चों में मेले को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। बच्चों ने खिलौनों की दुकानों से तरह-तरह के खिलौने खरीदकर मेले का भरपूर आनंद लिया।



पूजा सामग्री खरीदते लोग। अमृत विचार

मेले में लगी चाट और पकौड़ी की ठेलियों पर भी लोगों की अच्छी खासी भीड़ उमड़ी। लोगों ने चाट, गोलगप्पे और अन्य व्यंजनों का स्वाद लेकर मेले का आनंद उठाया। इसके अलावा मेले में मिट्टी के बर्तनों की दुकानों पर भी खूब रौनक रही। गर्मी के मौसम को देखते हुए लोगों ने घड़ा और सुराही की जमकर खरीदारी की। पूरे दिन मेले में चहल-पहल बनी रही और देर शाम तक श्रद्धालुओं का आना-जाना जारी रहा। मेले में ग्रामीण संस्कृति की झलक भी देखने को मिली, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों के अनुसार यह मेला हर वर्ष होली अष्टमी पर लगता है और क्षेत्र के लोगों के लिए आस्था और परंपरा का महत्वपूर्ण केंद्र माना जाता है।

## सीसीटीवी में कैद साइकिल चोरी

**अछल्दा, औरैया।** कस्बे के हरीगंज बाजार में एक साइकिल चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सराय बाजार निवासी अशोक कुमार पोरवाल मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे रेलवे क्रॉसिंग 13-बी पर जाम लगने के कारण अपनी साइकिल हरीगंज बाजार निवासी संजय पोरवाल के मकान के बाहर खड़ी कर पैदल ही दुकान चले गए थे। शाम कोजब उनका बेटा साइकिल लेने पहुंचा तो साइकिल गायब मिली। सीसीटीवी की फुटेज देखने पर एक अज्ञात युवक साइकिल ले जाता हुआ दिखाई दिया।

## गर्म दूध के पतीले पर गिरने से 5 वर्षीय मासूम गंभीर रूप से झुलसी

**औरैया।** फफूंद थाना क्षेत्र के छोटा खानपुर गांव में हादसे में पांच वर्षीय मासूम बच्ची गंभीर रूप से झुलस गई। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी विवेक कुमार की पुत्री वैष्णवी घर में खेलते समय गर्म दूध के पतीले पर गिर गई। हादसे में बच्ची के पेट और पीठ का हिस्सा बुरी तरह झुलस गया। घटना के बाद परिजनों ने आनन-फानन में बच्ची को दिबियापुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। वहां मौजूद चिकित्सक डॉ. सज्जाद अहमद ने उसका प्राथमिक उपचार किया। बच्ची की हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। डॉ. सज्जाद अहमद ने बताया कि बच्ची खेलते समय अचानक गर्म दूध के पतीले पर गिर गई थी, जिससे उसे गंभीर जलन हुई। फिलहाल उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराकर विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में उपचार कराया जा रहा है। डॉक्टरों ने ऐसे हादसों से बचने के लिए अभिभावकों से अपील की है कि घर में गर्म तरल पदार्थ बच्चों की पहुंच से दूर रखें और उन पर विशेष निगरानी बनाए रखें। वहीं परिजनों व ग्रामीणों ने मासूम के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

### न्यूज ब्रीफ

## पीआरडी जवान फूल सिंह का निधन

**अछल्दा।** थाना क्षेत्र के पूर्वा फकीरे गांव ग्राम पंचायत दसहरा निवासी पीआरडी जवान फूल सिंह (53) पुत्र लाला राम का मंगलवार को इलाज के दौरान निधन हो गया। वह पिछले चार माह से अस्वस्थ चल रहे थे। परिजनों के अनुसार उनकी तबीयत अधिक बिगड़ने पर उन्हें कानपुर के एक निजी अस्पताल साक्षी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां झिल्ली फटने की समस्या के चलते उनका उपचार चल रहा था। करीब पांच दिन पहले ही उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन मंगलवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। फूल सिंह की पीआरडी में नियुक्ति वर्ष 1990 में इटावा में हुई थी। लंबे समय से सेवा दे रहे फूल सिंह के निधन की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी लाली देवी और दो पुत्र मोहर सिंह (25) व अनुज (22) को छोड़ गए हैं। पिता की मौत से दोनों पुत्रों व पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक का माहौल है।

## वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**अयाना, औरैया।** थानाध्यक्ष जयप्रकाश पाल ने बताया कि एसआई अरविंद सिंह ने मंगलवार को महेवा गांव में दबिश देकर प्रदीप कुमार को गिरफ्तार किया है। प्रदीप के खिलाफ वर्ष 2020 में दर्ज हुए हत्या के मुकदमे में कोर्ट में तारीखों पर न जाने पर कोर्ट से वारंट जारी हुआ था। गिरफ्तार वारंटी को कोर्ट में पेश किया गया है। वहां से उसे जेल भेजा गया है।

## दिल्ली–हावड़ा रेलमार्ग कुछ देर रहा बाधित

**औरैया।** बुधवार सुबह कंचौसी रेलवे क्रॉसिंग पर एक ट्रक के अचानक खराब हो जाने से दिल्ली–हावड़ा रेलमार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया। इस दौरान बनारस से दिल्ली जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनें प्रभावित रहीं। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 10 बजे औरैया से रसूलाबाद की ओर जा रहा मौरंग से लदा एक ट्रक कंचौसी रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रैक के बीच में अचानक खराब हो गया। चालक ने ट्रक को स्टार्ट करने की कई बार कोशिश की, लेकिन ट्रक चालू नहीं हो सका। इसी दौरान डीएफसीसी ट्रैक पर कानपुर की ओर जा रही एक मालगाड़ी के आने की सूचना मिली। गेटमैन ने क्रॉसिंग बंद करने की कोशिश की, लेकिन ट्रैक पर खड़े ट्रक के कारण गेट बंद नहीं हो पाया। स्थिति को देखते हुए मालगाड़ी को होम सिग्नल के पास ही रोक दिया गया। गेटमैन ने तत्काल इसकी सूचना ड्यूटी पर तैनात स्टेशन अधीक्षक दरबारी कुमार को दी। सूचना मिलते ही रेलवे कर्मचारियों ने मौके पर बुलाया गया और दूसरे ट्रक की मदद से टोइंग कर खराब ट्रक को ट्रैक से हटवाया गया। इस दौरान वंदे भारत एक्सप्रेस करीब पांच मिनट तक खड़ी रही, जबकि मेमू पैसेंजर और डीएफसी ट्रैक की मालगाड़ी लगभग आधे घंटे तक आउटर पर रुकी रहीं।

## चमनगंज में भीषण जाम से लोग बेहाल

**फफूंद,औरैया।** नगर पंचायत फफूंद के मुख्य बाजार चमनगंज में भीषण जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे राहगीरों और स्थानीय व्यापारियों को घंटों भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगने से पैदल निकलना भी दूभर हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, बाजार में बेतरतीब तरीके से खड़े डग्गामार वाहनों और ई-रिक्शा के कारण यह स्थिति आए दिन बनी रहती है। पीक ऑवर्स के दौरान चमनगंज चौराहे पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया, जिसे खुलवाने में पुलिस और स्थानीय प्रशासन को खासी मशक्कत करनी पड़ी।

# फर्जी अभिलेखों से भूमि की विरासत दर्ज कराकर जमीन बेची

सवांददाता बिधूना, औरैया

- पीड़ित भूस्वामी ने चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट कराई दर्ज, पुलिस जांच में जुटी

**अमृत विचार।** बिधूना तहसील क्षेत्र के ग्राम कैथावा में भूस्वामी की मृत्यु के बाद उसकी विरासत बारिशों के नाम दर्ज न होने के चलते कुछ षड्यंत्रकारियों ने संबंधित लोगों की सांठगांठ से फर्जी तरीके से अपने नाम विरासत दर्ज कराकर आनन-फानन उक्त भूमि का विक्रय भी कर दिया गया है। चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया गया।

बिधूना कोतवाली में बिधूना नगर पंचायत के पूर्व सभासद संजय सेंगर पुत्र स्वर्गीय धीरेंद्र सिंह निवासी राम रायपुर कैथावा जिला औरैया ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसके पिता धीरेंद्र सिंह स्वर्गीय पीतांबर सिंह की मृत्यु कुछ साल पहले हो चुकी है। बिधूना तहसील क्षेत्र के कैथावा मौजा में स्थित उनके पिता के खाता संख्या 225 की भूमि संख्या 909 रकवा 0.348 हेक्टर में उसके व उसके भाई व मां के नाम विरासत दर्ज नहीं हुई जिसके चलते सुमन पत्नी मुनेंद्र सिंह निवासी कृष्णा विहार सुल्तानपुरी सी-ब्लॉक नॉर्थ वेस्ट दिल्ली ने स्वयं को धीरेंद्र सिंह की पुत्री बताकर क्षेत्रीय लेखपाल से सांठगांठ कर विरासत का आदेश करवा लिया। जबकि उक्त भूमि सुमन के पिता धीरेंद्र सिंह की नहीं थी। विरासत दर्ज कराने के तत्काल बाद आनन-फानन दूसरे ही दिन उक्त भूमि को अक्षय प्रताप सिंह पुत्र विनय प्रताप सिंह निवासी ग्राम कैथावा थाना बेला जिला औरैया को विक्रय कर दी। इस साजिश में अक्षय प्रताप सिंह का भाई अभय प्रताप सिंह व तहसील बिधूना का एक अधिवक्ता भी गवाह के साथ पूरी साजिश में शामिल है। इस फर्जी बैनामा से भूस्वामी को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

# हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन

संवाददाता अछल्दा (औरैया)

- हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव में शिक्षा व पोषण के समन्वय पर जोर दिया गया
- ईसीसीई के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आंगनबाड़ी व शिक्षकों को किया गया प्रेरित

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से बुधवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र अछल्दा पर जनपद स्तरीय 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी अछल्दा प्रवीण कुमार ने किया। इस अवसर पर जनपद के सभी विकास खंडों से आए नोडल शिक्षक, शिक्षक संकुल, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति और प्री-प्राइमरी शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए सभी को भविष्य में भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान एसआरजी सुभाष रंजन द्विवेदी ने ईसीसीई (प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा) पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सुपरवाइजर्स, नोडल शिक्षकों और शिक्षक संकुलों को उत्कृष्ट कार्य के लिए शुभकामनाएं दीं तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में प्री-प्राइमरी शिक्षा के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रोत्साहित किया।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

कार्यक्रम में डीसी प्रशिक्षण सौरभ गुप्ता, डीसी बालिका शिक्षा रक्षा चौहान सहित बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से सुपरवाइजर सपना, सीमा चौधरी, सरोज पाल, पुष्पा शुक्ला, संयोगिता, छाया, रामबेटी मौजूद रहीं। वहीं नोडल शिक्षक संकुल कौशलेंद्र यादव व महेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और शिक्षक उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष के भाई से मारपीट, हालत गंभीर

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे के भाई सर्वेंद्र सिंह (44) पुत्र श्रीकिशन निवासी मंडोक मीठ, थाना सहार मंगलवार रात एक शादी समारोह से कार से घर लौट रहे थे। इसी दौरान अछल्दा के रेलवे क्रॉसिंग 13-बी फाटक के पास एक अन्य कार सवार ने उनकी कार को ओवरटेक कर सामने रोक लिया।

बताया गया कि इस बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते हाथापाई में बदल गई। मारपीट में सर्वेंद्र सिंह घायल हो गए। उन्होंने डायल 112 और थाना पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी कार सवार मौके से फरार हो गए। घायल सर्वेंद्र सिंह को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अछल्दा में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक अमरदीप ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल चिचौली रेफर कर दिया।

थाना प्रभारी पंकज मिश्रा ने बताया कि सर्वेंद्र सिंह का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया है। तहरीर मिलने पर मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# 6 साल पुराने मामले में आरोपी को 5 साल कारावास की सजा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**17** हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया

**अमृत विचार।** किशोरी से छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने के करीब छह साल पुराने मामले में न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपी पर 17 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम अखिलेश्वर प्रसाद मिश्र की अदालत ने आरोपी अनूप कुमार को दोषी पाते हुए यह सजा सुनाई। मामले की पैरवी विशेष लोक अभियोजक मुदुल मिश्र ने की।अभियोजन के अनुसार, यह घटना सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की है।

पीड़िता की मां ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बेटी शाम करीब छह बजे शौच के लिए गांव के बाहर गई थी। लौटते समय गांव के ही अनूप कुमार ने सुनसान स्थान पाकर उसके साथ छेड़छाड़ की। किशोरी के शोर मचाने पर परिजन मौके पर पहुंच गए, जिस पर आरोपी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर वहां से फरार हो गया। पुलिस ने मामले की विवेचना कर आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम की अदालत में हुई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए पांच वर्ष के कठोर कारावास और 17 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। न्यायालय ने यह भी आदेश दिया कि अर्थदंड की आधी राशि पीड़िता को दी जाएगी।

# राजा परीक्षित का प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रोता

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बे के महावीर धाम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन मंगलवार को आचार्य कथा वाचक सत्य किशोर पाण्डेय महाराज को एक्सिस स्कूल के प्रबंधक दीपक दीक्षित व प्रधानाचार्य गुरमीत सोढ़ी ने फूल माला पहनाकर व अंग वस्त्र पहनाकर उत्साह वर्धन किया।

आचार्य ने राजा परीक्षित संवाद,शुकदेव जन्म, सती अनसुईया सहित अन्य प्रसंग सुनाये। कथा वाचक ने कहा कि मनुष्य से गलती हो जाना बड़ी बात नहीं लेकिन ऐसा होने पर समय रहते सुधार और प्रायश्चित जरूरी है। ऐसा नहीं हुआ तो गलती पाप की श्रेणी में आ जाती है। कथा व्यास ने पांडवों के जीवन में होने वाली श्रीकृष्ण की कृपा को बड़े ही सुंदर ढंग से दर्शाया।



कथा सुनाते आचार्य।

**आयोजन** | सुभानपुर मेला महोत्सव का उद्घाटन समाजसेवी राहुल यादव ने फीता काटकर किया

# 6 दिवसीय सुभानपुर मेला महोत्सव शुरू

संवाददाता अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम सुभानपुर अड्डा में आयोजित 6 दिवसीय सुभानपुर मेला महोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का उदघाटन समाजसेवी राहुल यादव (शेरा प्रधान) ने फीता काटकर और धार्मिक ध्वज भ्रमण के साथ किया ।इससे पहले काली माता मंदिर पर पूजा अर्चना कराई गई।

समारोह को सम्बोधित करते हुए राहुल यादव (शेरा प्रधान) ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के मेले और सांस्कृतिक कार्यक्रम सामाजिक एकता, सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण तथा युवाओं की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से क्षेत्र की पहचान भी मजबूत होती है और लोगों में आपसी भाईचारा बढ़ता है। उन्होंने सभी से मेले को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की। आयोजकों के अनुसार यह छह दिवसीय मेला महोत्सव 15 मार्च रात के समय चलेगा ।इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक एवं आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल दिखाई दिया ।कार्यक्रम आयोजक संतराम (भूरे),ड़ा रवींद्र कुमार,श्रीमती विनिता चौधरी, सत्यनारायण, अरविंद कुमार, बुजमोहन, बाबूराम, सुभाष चन्द्र आदि ने बताया कि 13 मार्च (शुक्रवार) को महोत्सव का मुख्य आकर्षण अंतरराष्ट्रीय दंगल कुश्ती प्रतियोगिता में भारत के साथ-साथ नेपाल और भूटान के पहलवान भी भाग लेंगे।आमंत्रित प्रमुख पहलवानों में पागल बाबा लाठी (अयोध्या) तथा नेवा थापा पहलवान (नेपाल) सहित कई नामी पहलवान शामिल होंगे।



मेला के शुभारंभ के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

## गहोई सेवा समिति के अध्यक्ष का स्वागत

**औरैया।** गंगा-जमुना क्षेत्रीय सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाए जाने पर अखिल भारतीय गहोई सेवा समिति के अध्यक्ष विष्णु सोनी का स्वजातीय बंधुओं द्वारा आध्या होटल में भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष विष्णु सोनी ने कहा कि समाज ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, वह उसके लिए सभी का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि गहोई समाज की एकता, संगठन को मजबूत करने और समाज के युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। समाज के हित में शिक्षा, सामाजिक सहयोग और जनसेवा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी ।गंगा-जमुना क्षेत्रीय सभा के माध्यम से समाज के लोगों को समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

# विकास कार्यों में चौथे स्थान पर रहा औरैया

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- डीएम ने जूम मीटिंग के दौरान अधिकारियों को दी बधाई

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने जूम मीटिंग के माध्यम से सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को विकास कार्यों की रैंकिंग में प्रदेश में जनपद के चौथे स्थान के आने पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि अभी हमें और ध्यान देने की आवश्यकता है। जिससे हम माह मार्च में विकास कार्यों को तेजी से पूर्ण कराते हुए अप्रैल में प्रदर्शित होने वाली माह मार्च की रैंकिंग में जनपद को प्रदेश में सर्वोच्च स्थान पर लाने के लिए हर संभव प्रयास करें।

उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की, कि इस कार्य हेतु समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी पूर्ण मनोयोग से दृढ़ संकल्प के साथ जनपद को प्रथम स्थान पर लाने के लिए कार्य करेंगे। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस एवं सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि माह जनवरी में प्राप्त संदर्भों के निस्तारण में जनपद 40वें स्थान पर था और आपके प्रयासों व समन्वय के परिणाम स्वरूप जनपद की रैंकिंग में सुधार होते हुए 28वें स्थान पर आया है परंतु अभी हमें इसी पर संतोष नहीं करना है बल्कि जनपद को आईजीआरएस के रैंकिंग में भी प्रथम स्थान पर लाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। जिलाधिकारी ने सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि संदर्भों के निस्तारण में गुणवत्ता व आवेदक को संतुष्ट करने हेतु उससे वार्ता करें तथा यदि आवश्यक हो तो मौके पर जाकर दोनों पक्षों को बुलाकर निस्तारण करें साथ ही निस्तारण के उपरांत उन्हें निस्तारण में की गई कार्यवाही का विस्तृत विवरण भी उपलब्ध करायें। जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग से संबंधित समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने न्यायालय में लंबित वादों का निर्धारित समय- सीमा के अंतर्गत निस्तारण कराना सुनिश्चित करें साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि न्यायालय में 1 वर्ष से अधिक कोई वाद लंबित न रहे। जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत की जा रही कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि नोटिस निर्गत करने के उपरांत लंबित सुनवाईयों का यथा शीघ्र निस्तारण कराया जाना सुनिश्चित करें साथ ही अनप्रोशिस्ट फार्म- 6, फार्म- 7, फार्म- 8 को कार्यवाही करते हुए प्रक्रिया पूर्ण करायें और अन्य कार्यों को भी सोमवार तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

## न्यूज ब्रीफ



कार्यक्रम में मौजूद वंदना व सोनाली।

### महिला प्रधान और सचिव सम्मानित

**पौथिया।** ग्राम प्रधान वंदना सचान और ग्राम पंचायत अधिकारी सोनाली सचान को उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिल्ली में केंद्रीय पंचायती राजमंत्री राजीव रंजन सिंह (लल्लन सिंह) और पंचायती राज राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल ने सम्मानित किया। पौथिया ग्राम पंचायत में महिलाओं की समस्याओं के निदान और शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी, आंगनबाड़ी केंद्र में राशन वितरण कराने में अग्रणी रहीं। बिधवा, वृद्धा, दिव्यांग पेंशन एवं राशन कार्ड जैसी आनलाइन समस्या से छुटकारा दिलाने में अहम भूमिका निभाई। प्रधान वंदना सचान, ग्राम पंचायत अधिकारी सोनाली सचान को नई दिल्ली स्थित डॉ. आंबेडकर इंटरनेशनल सभागार में राष्ट्रीय सम्मेलन में सम्मानित किया गया।

### छेड़खानी और धमकी देने का मामला दर्ज

**मौदहा।** कस्बे के एक मोहल्ला निवासी पिता ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांधी इण्टर कालेज के निकट निवासी दीपक उसकी बेटी को अक्सर कालेज या कोचिंग जाते समय परेशान करता है। छेड़छाड़ करता है इतना ही नहीं पीड़ित ने बताया कि जब उसने विरोध किया तो गाली गलौज कर धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि रास्ते में छेड़खानी का विरोध उसके पुत्र ने किया तो उसके साथ भी आरोपी ने मारपीट की। जिससे परिवार भयभीत है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मार्ग दुर्घटनाओं में तीन गंभीर घायल

**मौदहा।** राजमार्ग में बाइक दुर्घटनाओं में घायल तीन युवकों को लहूलुहान हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां हालत नाजुक में उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। थानाक्षेत्र मुस्करा के ग्राम इमिलिया निवासी बड़े (26) पुत्र विनोद कुमार व अंकित (20) पुत्र रमेश निवासी जसपुरा मंगलवार रात कस्बे से बाइक द्वारा इमलिया जा रहे थे। तभी राजमार्ग पर राठ मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उधर ग्राम रीवन निवासी अनुरुद्ध (32) पुत्र जगदेव भी मंगलवार रात राजमार्ग में बाइक से गिरकर घायल हो गया। उसे सरकारी अस्पताल से जिला अस्पताल रेफर किया है।

### नशे में अभद्रता करने का आरोप, धमकी दी

**बिवांर।** कस्बे के हटवारा मोहाल की महिला रानी पत्नी बच्चा सिंह ने थाने में तहरीर देते बताया कि पड़ोसी पदम सिंह आए दिन शराब के नशे में अभद्रता कर हंगामा करता है। दोपहर में नशे अभद्रता कर हंगामा करने लगा। मना करने पर जान से मारने की धमकी दी। इस पर 112 नंबर पर फोन करने से आई पुलिस को देख भाग निकला। एसआई रवि शंकर मिश्रा ने बताया कि महिला की तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं महेरा गांव की पूजा पत्नी दयाशंकर तिवारी ने तहरीर देते हुए बताया कि जेठ हरिशंकर शराब के पीने का आदी है। आए दिन अकारण अभद्रता कर परेशान करता है। विरोध करने पर पिटाई की है। एसआई जगत नारायण ने बताया कि तहरीर पर जेठ के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### वाहन की टक्कर से मां-बेटी घायल

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के बेरी मार्ग में जल्ला गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक सात वर्षीय बालिका व 50 वर्षीय अधेड़ महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें परिजन उपचार के लिए सीएचसी लेकर आए। जहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत मे सुधार न होते देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। थानाक्षेत्र के मंगलपुर गांव निवासी बिट्टन (50) पत्नी बाबूलाल व जानवी (7) पुत्री बंशीधर बाइक से गांव आ रहे थे। तभी जल्ला गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

# गैस एजेंसी में सिलेंडर का अकाल खाली हाथ लौटाए गए उपभोक्ता

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- मंगलवार को एक गाड़ी में मिली थी 400 सिलेंडर की खेप
- डिमांड के बाद भी नहीं पहुंची गैस आज आने की जताई संभावना

**अमृत विचार।** बुधवार को कस्बे की एक मात्र गैस एजेंसी में गैस नहीं आने से कस्बे में हड़कंप मच गया। लोग दिनभर गैस एजेंसी के चक्कर काटने को मजबूर रहे। मंगलवार को वितरण के बाद बचे आधा सैकड़ा गैस सिलेंडर ही बुधवार को सुबह बट सके। इसके बाद गैस नहीं होने की बात कहकर ग्राहकों को लौटा दिया गया।

कस्बे की एक मात्र गैस एजेंसी में गत शनिवार के बाद मंगलवार को एक ट्रक में 400 सिलेंडर प्राप्त हुए थे, जिनका वितरण मंगलवार को किया गया था। करीब 50 सिलेंडर ही बच सके थे। जिनको बुधवार को बांटा गया था। इसके बाद सिलेंडर खत्म होने की बात कह दी गई। इससे ग्राहक दिन भर गैस सिलेंडर के लिए परेशान रहे।



बुधवार को गैस एजेंसी में गाड़ी को घेरे खड़े उपभोक्ता। अमृत विचार

गैस एजेंसी के संचालक मनोज कुमार पालीवाल ने बताया कि बुधवार को उन्नाव डिपो से गाड़ी नहीं प्राप्त हुई है। गुरुवार को आने की उम्मीद है। गाड़ी आने पर ही ग्राहक सिलेंडर प्राप्त होंगे। उन्होंने बताया कि ओटीपी जनरेट होने के बाद ओटीपी लेकर सिलेंडर देने के निर्देश है। जिसका कड़ाई के साथ अनुपालन किया जा रहा है।

# वकीलों को ऑनलाइन पर्ची मंजूर नहीं

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



आदेश के खिलाफ बुधवार को जनपद न्यायालय परिसर में विरोध जताते अधिवक्ता। अमृत विचार

- बंदियों से मुलाकात में आनलाइन पर्ची की अनिवार्यता का आदेश
- जिला कारागार में इस आदेश को लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश

**अमृत विचार।** जिला कारागार की ओर से जेल के बाहर दीवार पर लगाए गए एक आवश्यक सूचना को लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश है। बैनर में अधिवक्ताओं को लेकर लिखी गई सूचना को अधिवक्ता संघ जेल मैनुवल के खिलाफ बताया है। अधिवक्ता संघ ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर जारी आदेश को तत्काल प्रभाव से रद्द कराए जाने की मांग की है।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के महामंत्री अश्वनी कुमार प्रजापति के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने दिए ज्ञापन में कहा है कि जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों से विधिक मुलाकात करने के लिए अधिवक्ताओं से वकालतनामा, बार एसोसिएशन का आईडी कार्ड, आधार कार्ड व ऑनलाइन पर्ची के साथ ही मुलाक़ात कराए जाने का आदेश किया गया है। यह कागजात न होने पर अधिवक्ताओं को बंदियों से मुलाक़ात से वंचित कर देना जेल मैनुअल के खिलाफ है। वकीलों का कहना है कि जेल मैनुअल में ऐसा कोई प्राविधान नहीं है।

जिला जेल अधीक्षक की ओर से यह आदेश जारी करने पर समस्त अधिवक्ताओं में आक्रोश है। ज्ञापन के साथ जेल अधीक्षक का दीवार पर लिखा बैनर की फोटो कापी संलग्न की है। अधिवक्ताओं ने जिला जेल अधीक्षक की ओर से जारी इस आदेश तत्काल प्रभाव से निरस्त कराने के साथ उचित अग्रिम कानूनी कार्यवाही को कहा है। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता जगदीश नारायण शर्मा, ओमप्रकाश द्विवेदी, राम सिंह राजपूत, ज्ञान सिंह, शेलेन्द्र सक्सेना, लखन लाल अहिरवार, प्रेम प्रकाश शुक्ला आदि अधिवक्ताओ ने विरोध दर्ज कराया।

# घटिया निर्माण पर भड़का गुस्सा काम रोकवा मजदूरों को भगाया

## मौदहा के तकिया इलाके में सीसी रोड के निर्माण में धांधली किए जाने का आरोप

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- काम बंद कराने पर स्थानीय लोगों और मजदूरों के बीच नोक-झोंक
- अवर अभियंता ने मौके पर पहुंच कर ठेकेदार को दी चेतावनी

**अमृत विचार।** नगर के वार्ड एक तकिया में नगर पालिका के ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य में कथित अनियमितताओं को लेकर मोहल्ले के लोग भड़क उठे। आक्रोशित लोगों ने निर्माण कार्य रुकवाकर मजदूरों को भगा दिया। सूचना पर पहुंचे अवर अभियंता ने ठेकेदार को कड़ी चेतावनी दे नियमानुसार निर्माण कराने के निर्देश दिए।

कार्यदायी संस्था नगर पालिका परिषद द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत तकिया मोहल्ले में लाला यादव के घर के सामने से मस्जिद तक करीब 150 मीटर लंबी व तीन मीटर चौड़ी सीसी सड़क नाली निर्माण का



मौदहा के तकिया मोहल्ले में निर्माणाधीन सीसी रोड। अमृत विचार

टेंडर स्वीकृत किया गया है। इसकी अनुमानित लागत करीब 14 लाख 35 हजार रुपये बताई जा रही है। मोहल्ले के लोगों का आरोप है कि ठेकेदार निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग कर रहा था। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई थी।

आरोप है कि अधिकारियों ने समय रहते निरीक्षण नहीं किया, जिससे ठेकेदार के हौसले बुलंद हो गए। बताया जाता है कि ठेकेदार दोबारा निर्माण स्थल पर पहुंचा और बिना पीसीसी व नाली निर्माण कराए सीधे सीसी सड़क का निर्माण शुरू करा दिया।

यह देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। मजदूरों व स्थानीय लोगों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते मौके पर एक दर्जन से अधिक लोग एकत्र हो गए और लोगों ने मजदूरों को काम बंद कराकर वहां से भगा दिया। अवर अभियंता आदित्य कुमार ने बताया कि स्थिति का जायजा लेने के बाद ठेकेदार को गुणवत्ता में सुधार कर मानक अनुरूप निर्माण कराने के निर्देश दिए। कहा निर्माण कार्य में अनियमितता पाई गई तो ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## पत्नी के मायके जाने पर युवक ने दी जान

**सुमेरपुर।** पत्नी के नाराज होकर मायके जाने से क्षुब्ध युवक ने घर के अंदर बिजली की केबिल से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक तीन भाइयों में छोटा था। तीन वर्ष पूर्व इसकी शादी हुई थी। इसके एक डेढ़ वर्ष की दुध मुही बच्ची है।

ग्राम पंचायत पत्योरा के मजरा शिवरामपुर डेरा निवासी अमित निषाद (26) ने पत्नी के नाराज होकर मायके चले जाने से क्षुब्ध होकर दोपहर में सूना घर पाकर बिजली की केबल से छत के कुंडे में लगे पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी जूली को मायके से बुलाया गया है। बड़े भाई अनिल निषाद ने पुलिस को सूचना दी है। पत्योरा पुलिस चौकी इंचार्ज निशांत दुबे मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक अपने पीछे पत्नी जूली, डेढ़ वर्ष की पुत्री आरोही को रोता बिलखता छोड़ गया है। मृतक मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था।



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते एडीएम और एएसपी। अमृत विचार

# अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** विकास खंड क्षेत्र के झलोखर गांव स्थित श्री राजाराम इंटर कालेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। बुधवार को अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक मनोज गुप्ता ने कालेज का निरीक्षण किया।

दोनों अधिकारियों ने राजाराम इंटर कालेज परीक्षा केंद्र का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी तंत्र, अभ्यर्थियों के निर्बाध एवं शांतिपूर्ण प्रवेश प्रक्रिया तथा कानून व्यवस्था की स्थित का अवलोकन किया और परीक्षा केंद्र प्रभारी से संवाद कर परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने शांतिपूर्वक माहौल में पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सावधानी बरतने के निर्देश दिए। इस दौरान थाना प्रभारी सहित विद्यालय प्रबंधन सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

# यूजीसी के विरोध में किया प्रदर्शन

संवाददाता, राठ (हमीरपर)

**अमृत विचार।** तहसील में बुधवार को सवर्ण समाज के सैकड़ों लोगों ने यूजीसी के विरोध में प्रदर्शन किया। करणी सेना के तत्वावधान में मख्य मार्ग से जुलूस निकाला गया। जिसके बाद तहसील परिसर में उप जिलाधिकारी को राष्टपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शनकारियों ने यूजीसी का पुतला भी दहन किया।

यूजीसी अधिनियम 2026 को सामान्य वर्ग के छात्रों के लिए 'घातक' बताया। आरोप लगाया कि यह कानून सामान्य वर्ग के छात्रों का उत्पीड़न करेगा और उनमें हीनभावना पैदा करेगा। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि इस अधिनियम को तुरंत समाप्त किया जाए। ताकि सामान्य वर्ग के छात्रों का भविष्य सुरक्षित रह सके। करणी सेना के पदाधिकारी धर्मेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि यूजीसी



यूजीसी के विरोध में प्रदर्शन करते करणी सेना के लोग। अमृत विचार

- पुतला दहन कर नए नियम वापस लेने की मांग, सौंपा गया ज्ञापन

अधिनियम 15 जनवरी, 2026 को लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि यह कानून सामान्य वर्ग के छात्रों को शिक्षा से वंचित कर सकता है क्योंकि उन्हें अधिक मेरिट की आवश्यकता होती है, जबकि अन्य वर्ग के छात्र झठी शिकायतें कर सकते हैं। इस मौके पर जगदीश चंचौदिया ने यूजीसी के खिलाफ अंतिम चरण तक लडाई लड़ने की बात कही। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वेभूख हड़ताल पर बैठेंगे और आत्मदाह करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। विरोध प्रदर्शन में अवधेश पाठक, ज्ञानेंद्र परिहार, बबलू मुकेश सिंह परिहार, शिवमंगल सिंह, नरेश, दीपक और विवेक सहित सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद रहे।

## शादी के पहले ही युवती ने छोड़ा घर

**बिवांर।** शादी के एक दिन पहले युवती रुपये लेकर प्रेमी के साथ चली गई। पिता ने दो युवकों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

तहरीर में पिता ने बताया कि पुत्री की शादी छतरपुर जनपद के सचिन पुत्र पप्पू के साथ तय की थी। 12 मार्च को बारात आनी थी। 10 मार्च को मंडप का कार्यक्रम था। बेटी शादी के एक दिन पहले दोपहर करीब 1:30 बजे शौच की बात कह चली गई। गांव के बाहर बाइक लिए मौजूद राठ निवासी अरुण व वीरेंद्र ने फोन कर उसे बुलाया। बेटी 60 हजार रुपये लेकर चली गई। उसके वापस न आने पर परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने चित्रकूट में होने की जानकारी पुलिस को दी है। फिलहाल शादी लटक गई है। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि तहरीर मिली है।युवती की तलाश कर दोनों युवकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# लोक निर्माण विभाग पर धर्मशाला को निशाना बनाने का लगा आरोप

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे में स्वर्णकार समाज धर्मशाला के पदाधिकारियों ने सड़क चौडीकरण कार्य में पक्षपात का आरोप लगाया है। उप जिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार को ज्ञापन सौंपकर मानकों के अनुसार कार्य कराने की मांग की है।

पदाधिकारियों का कहना है कि चौड़ीकरण के दौरान स्वर्णकार धर्मशाला की दुकानों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कार्य भेदभावपर्ण तरीके से किया जा रहा है और इसमें निर्धारित मानकों का पालन नहीं हो रहा है। धर्मशाला अध्यक्ष सुरेश सोनी ने बताया कि पूर्व में भी उनकी दकानों को तोड़ा गया था। बुधवार को फिर से जेसीबी भेजी गई थी। उन्होंने मांग की कि डॉ भीमराव आंबेडकर प्रतिमा के चारों ओर से अतिक्रमण को समान रूप से हटाया जाए। चेतावनी दी कि यदि अतिक्रमण हटाने में भेदभाव जारी रहा, तो वे आंदोलन करने को मजबर होंगे। इस दौरान देवेंद्र सोनी, रोहित सोनी बजेंद्र सोनी, सूनील सोनी, अमित अयोध्यावासी, प्रमोद सोनी, चंद्र प्रकाश, किशन सोनी और राजेंद्र सहित कई पदाधिकारी व सदस्य मौजद रहे।



राठ में एसडीएम को ज्ञापन देते स्वर्णकार समाज के लोग। अमृत विचार

- स्वर्णकार समाज ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर उठाई आवाज

**अनदेखी** — बैंक और बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही की वजह से चक्कर लगा रहे लोग

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अधर में लटकी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री की अति महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अधिकारियों की लापरवाही की शिकार है। योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता पावर कारपोरेशन के साथ बैंक में लोन के लिए चक्कर लगाने को मजबूर हैं। इसके बाद भा काम हो जाए, यह भी संभव नहीं है। इस मामले में जिलाधिकारी के स्पष्ट निर्देशों का अधिकारी पालन नहीं कर रहे है। ऐसे में शासन से प्राप्त सोलर लगाने का लक्ष्य वेंडर पूरा नहीं कर पा रहे हैं।

जिले में सोलर योजना में करीब डेढ़ दर्जन वेंडर काम कर रहे हैं। यहां अधिकांश लोग खेती किसानी से जुड़े हैं। योजना का लाभ लेने के लिए बैंकों से लोन को वेंडरों के माध्यम से आवेदन करते हैं। कई बैंक शाखाओं में दो से तीन माह तक बैंकिंग के नाम पर तमाम बहाने बनाकर परेशान किया जाता है। जबकि नेडा विभाग संबंधित वेंडर से योजना में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति रिपोर्ट मांगी जाती है तो वेंडर बैंक से लाभार्थी फाइल की अपडेट करते हैं तो उन्हें भी तमाम बहाने बनाकर जल्द लोन करने का आश्वासन दिया जाता है, लेकिन काम करने में आनाकानी करते हैं। ऐसे में बैंकों से कुछ लोग ही योजना का लाभ लेने में सफल हो पा रहे हैं। इसके बाद उपभोक्ताओं को मीटर लगवाने के लिए बिजली विभाग के चक्कर लगाने पड़ते हैं। स्मार्ट मीटर को सोलर मीटर नहीं बनाया है। ऐसे में सोलर लगवाने के बाद भी लाभ नहीं मिल पा रहा है। वहीं वेंडर सोलर पैनल लगाने के साथ संबंधित पत्रावली बिजली विभाग में जमा कर देते हैं। साथ ही वेंडर एक पत्र मीटर विभाग को लिख देते हैं कि स्मार्ट मीटर को सोलर मीटर बनाकर लाभ दिलाया जाए। इसके बावजूद मीटर अभियंता लाभार्थियों को बीते करीब छह माह से लाभान्वित नहीं पाए हैं। जिलाधिकारी घनश्याम मीना इस योजना से जुडे अधिकारियों को लापरवाही बरतने पर चेतावनी दे चुके हैं। लेकिन उनके निर्देशों को हवा में उड़ाया जा रहा है। यही कारण है यह योजना धरातल पर गति नहीं पकड़ रही है। लाभार्थियों का कहना है कि योजना में अगर बिजली विभाग कार्यशैली में परिवर्तन करे तो इसका लाभ समय रहते मिल सकेगा। जिलाधिकारी से मांग की है कि विभाग को कड़े निर्देश जारी किए जाएं ताकि समय से लाभ मिल सके। जिन लोगों का छह छह माह से योजना का काम अधर में है वे वेंडर से भी लड़ाई झगड़ा करने पर आमादा हो जाते हैं। जबकि वेंडरों का कथन है कि इस योजना में बैंक और बिजली विभाग के रुचि न लेने से यह महत्वाकांक्षी योजना अधर में लटकी पड़ी है।



> बिजली विभाग को तीन बार स्मरण पत्र लिखा जा चुका है। स्मार्ट मीटर को सोलर मीटर में बदलने के नाम पर कहा जाता है कि वे क्या करें, आगरा से काम नहीं हो पा रहा है। अभी तक 13 लोगों का मीटर फ्लैग ऑन नहीं हो पाया है। वहीं बैंक भी अभी तक 28 मामले रुचि नहीं लेने से अधर में हैं।
>
> -आरबी ओझा
> परियोजना अधिकारी नेडा

> योजना में उपभोक्ताओं का सहयोग किया जा रहा है। प्रतिदिन 50 से 60 कनेक्शन किए जा रहे हैं। हां, थोड़ा समय लग रहा है, लापरवाही नहीं हो रही है। सोलर मीटर के बारे में संबंधित अधिकारी को डाटा उपलब्ध कराने के लिए कहा, पर उन्होंने गोल मोल जवाब देकर टाल दिया।
>
> -ज्ञानचंद्र यादव
> एसी पावर कारपोरेशन

# प्रधान और गौशाला के दो केयरटेकर पर रिपोर्ट

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- कुनेहटा की गौशाला में गोवंश के कंकाल मिलने का मामला
- जांच में दोषी मिलने पर सचिव ने दर्ज कराई एफआईआर

**अमृत विचार।** गौशाला में गोवंश के जगह-जगह पड़े कंकाल और गोवंश के लिए भूसा और हरा चारा नहीं होने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद जांच करने पहुंचे पंचायत सचिव ने ग्राम प्रधान और गौशाला के दो केयर टेकरों पर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

बीते तीन दिन पहले विकास खंड के ग्राम पंचायत कुनेहटा की गौशाला से विचलित करने वाला वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें जगह-जगह पर गोवंश के कंकाल पड़े दिखाई दे रहे थे। जबकि दूसरे वीडियो में ग्राम प्रधान रामराज और ग्रामीणों में तीखी झड़प दिखाई दे रही थी। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए सचिव राजू सिंह गौशाला में जांच के लिए पहुंचे।

पंचायत सचिव की ओर से बिवांर थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि जब वह गौशाला पहुंचे और गोवंश के लिए पर्याप्त हरा चारा नहीं होने की बात कही तो ग्राम प्रधान रामराज, केयर टेकर मनोज और रमेश ने उनके साथ अभद्रता करते हुए दोबारा जांच के लिए गौशाला नहीं आने की धमकी दी। पंचायत सचिव की तहरीर पर पुलिस ने ग्राम प्रधान समेत तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**महोबा।** वांछित, वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाए जाने के संबन्धित थाना कोतवाली प्रभारियों को निर्देश दिए गए थे, जिसके तहत चरखारी पुलिस टीम ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की। थानाध्यक्ष चरखारी प्रवीण कुमार सिंह ने उपनिरीक्षक चन्द्रशेखर सिंह के नेतृत्व में कांस्टेबल महेश प्रसाद व लोकेन्द्र सिंह की टीम गठित की थी। टीम ने क्षेत्र में गश्त दौरान रामनगर तिराहे के समीप से वांछित अभियुक्त मौसम राजपूत (21) पुत्र राजेश राजपूत निवासी सिजौरा चरखारी को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के खिलाफ पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेशी के लिए भेजा है।

### मंदिर मार्ग पर वाहनों के संचालन पर लगे रोक

**महोबा।** छोटी चंद्रिका देवी मंदिर से बडी चंद्रिका देवी मंदिर तक के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा साधु संतो और श्रद्धालुओं के आने जाने के लिए बनाए गए रोड पर भूमाफिया अपने निजी काम के लिए इस मार्ग पर वाहनों को दौड़ाने लगे हैं, जिससे मार्ग क्षति ग्रस्त होने की संभावना बढ़ गई है। इसे देखते हुए मां बड़ी चंद्रिका देवी मंदिर समिति ने भूमाफियाओं द्वारा ईंट, बालू, गिट्टी के दौड़ाए जाने वाहनों पर रोक लगाए जाने की मांग करते हुए समिति ने डीएम गजल भारद्वाज को ज्ञापन सौंपा, जिससे यह मार्ग कुछ दिन चल सके।

### शादी समारोह से पिस्टल व पांच कारतूस चारी

**महोबा।** शहर में एक वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान एक युवक की लाइसेंसी पिस्टल और पांच कारतूस चोरी हो गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शहर के रायकोट निवासी सुशील कुमार ने तहरीर में बताया कि वह यशोदा नगर स्थित अपनी रिश्तेदार बबली तिवारी के घर वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। रात में उसने अपनी लाइसेंसी पिस्टल और पांच कारतूस एक काले बैग में डालकर बैग सिरहाने के पास रखकर सो गया। सुबह जब जगा तो बैग गायब था। घर के सदस्यों से पूछताछ की, लेकिन कोई पता नहीं चला। बैग में पिस्टल, कारतूस के साथ लाइसेंस और कुछ अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज भी थे। कोतवाल मनीष कुमार पांडेय ने बताया कि मामले की जांच जारी है, जल्द ही पिस्टल व कारतूस बरामद किया जाएगा।

# घर की रसोई तक पहुंचा ईरान युद्ध का असर

- गैस काउंटरों पर बुकिंग कराने के लिए जुट रही भारी भीड़
- रसोई गैस की किल्लत से जिले में हर तरफ मची मारामारी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** अमेरिका, इजरायल और ईरान युद्ध का असर अब जिले में भी दिखना शुरू हो गया है। जिले के एलपीजी उपभोक्ताओं को गैस की दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। हालत यह है कि एक फोन से बुक होने वाली गैस के लिए अब गैस एजेंसियों के सामने बड़ी संख्या में लोगों को लाइन लगानी पड़ रही है। बड़ी मशक्कत के बाद गैस बुक हो पा रही है। यह हाल सभी गैस बुकिंग काउंटरों का है, जहां उपभोक्ता नंबर लगाने के लिए जद्दोजहद में लगे हुए हैं।

एलपीजी गैस के लिए घरेलू उपभोक्ताओं के अलावा व्यापार करने वाले लोग भी लाइनों में लग रहे। उपभोक्ताओं का कहना है कि तेल कंपनियों ने 7 मार्च को घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए हैं। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में 60 रुपये और कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 114.5 रुपये की बढ़ोतरी की गई, इसके बाद से ही गैस को लेकर मारामारी मचने लगी है।



गैस बुक कराने के लिए एजेंसी में लगी भीड़। अमृत विचार

अजय, संतोष, सुहेल, रमीश आदि उपभोक्ताओं का कहना है कि एक सप्ताह पहले उन्होंने गैस बुक कराई थी, लेकिन आज तक गैस सिलेंडर नहीं मिला। सरकारी कर्मचारी अरुण कुमार ने बताया कि वे छुट्टी लेकर गैस बुक कराने आए थे, लेकिन भीड़ के कारण उन्हें कोई मदद नहीं मिली। अशोक कुमार सोनी ने बताया कि ईरान-इजरायल युद्ध के कारण पेट्रोलियम आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। त्योहारों के दौरान सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी भी हुई है, जिससे आम लोगों पर अतिरिक्त बोझ पड़ा है। संदीप राजपूत जैसे कई उपभोक्ताओं ने शिकायत की है कि एजेंसी कर्मचारी सर्वर डाउन होने का हवाला देकर बुकिंग नहीं कर रहे हैं। इससे एक सिलेंडर बुक करने के लिए लोगों का पूरा दिन बर्बाद हो रहा है, जिससे दिहाड़ी मजदूर और किसान विशेष रूप से प्रभावित हो रहे हैं। उधर इंडेन एजेंसी कर्मचारी ने बताया कि स्टॉक की कोई कमी नहीं है। गोदाम और गाड़ियों में 857 सिलेंडर उपलब्ध हैं। इंडियन ऑयल कंपनी का सर्वर ठप होने के कारण बुकिंग नहीं हो पा रही है। बुकिंग कर्मचारी रामभक्त राठौर ने बताया कि उपभोक्ताओं के मोबाइल पर मैसेज नहीं आ रहे हैं। सिस्टम काम नहीं कर रहा है, जिससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### अब 25 दिन में होगी गैस बुकिंग

- गैस की बढ़ती किल्लत को लेकर गैस संचालकों ने 15 दिन में होने वाली बुकिंग के बजाय 25 दिन में बुकिंग करना शुरू कर दी है। 25 दिन से पहले बुक कराने पहुंचे लोगों की बुकिंग नहीं की गई और उन्हें बैरंग लौटा दिया गया। इतना ही नहीं अब गैस उपभोक्ताओं को पहले की तरह गैस लेने में सुविधाएं नहीं मिल रही है। हालत यह है कि प्रति सिलेंडर 60 रुपये कीमत बढ़ाने के बाद भी गैस को लेकर मारामारी बढ़ गई है।

# जहूर अली की दरगाह में कुरान हुई मुकम्मल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** पनवाड़ी के हजरत जहूर अली व हुसैन अली की दरगाह में 20वें रोजे में कुरान मुकम्मल हुआ। 15 साल के हाफिज हाफिज सैयद सुभान मुस्तफा ने तरावीह सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। कुरान मुकम्मल होने के बाद हाफिज का फूल माला पहनाकर नजराना देकर सम्मान किया। बच्चे की बुलंद आवाज में कुरान सुनने के लिए भीड़ जुटना शुरू हो गई थी।

चांद नजर आने के बाद पनवाड़ी के काजीपुरा में हजरत जहूर अली व हुसैन अली की दरगाह में तरावीह शुरू हो गई थी। लोगों ने बीस दिन तक लगातार कुरान सुना। कुरान मुकम्मल होने के बाद मंगलवार की रात को हाफिज को 41786 रुपये का नजराना देकर सम्मानित किया। इस मौके पर हाफिज ने खिताब करते हुए कहा कि कुरान पढ़ना और पढ़ाना दोनो सवाब का काम है। कुरान हिफ्ज करने के बाद भूलना नहीं चाहिए, इसके लिए नियमित कुरान की तिलावत करना जरूरी है। उन्होंने कहा अल्लाह ताआला ने कुरान को मुबारक माह रमजान में नाजिल किया। उन्होंने कहा कि यह माह बरकत, मगफिरत और निजात वाला महीना है, इस मुबारक माह में अधिक से अधिक इबादत तिलावत करना चाहिए। कुरान मुकम्मल होने के बाद फातिहा पढ़ी गई। जहां पर भारी संख्या में लोग एकत्र हुए। फातिहा के बाद उपस्थित सभी लोगों को तबर्रूख वितरित किया गया। मस्जिद कमेटी ने हाफिज की तेज रफ्तार और बुलंद आवाज को देखते हुए वर्ष 2027 में होने वाली तरावीह के लिए बुक कर लिया है।

# आय कर टीम की छापेमारी क्रशर संचालकों में हड़कंप

## कबरई पत्थर उद्योग मंडी में यूपी-एमपी के आय कर अधिकारियों की संयुक्त कार्रवाई

- कानपुर, बांदा और मध्य प्रदेश से आए आय कर अधिकारी
- दर्जन क्रशर पर छापा, कर्मचारियों के मोबाइल कब्जे में लिया

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** आयकर विभाग ने बुधवार को पत्थर उद्योग मंडी कबरई में लगी स्टोन क्रशरों पर छापामार कार्रवाई की। इस कार्रवाई से स्टोन क्रशर संचालकों और कर्मचारियों में हड़कम्प मचा रहा, वहीं आयकर विभाग की टीम का पता लगते ही कई कारोबारी मौके पर यहां वहां खिसक लिए। कानपुर, बांदा और मध्य प्रदेश से आए आयकर अधिकारियों ने पुलिस टीम के साथ करीब एक दर्जन क्रशर पर छापामारी करते हुए वहां के कर्मचारियो के मोबाइलों को अपने कब्जे में लिया और इसके बाद कार्यालयों में रखे दस्तावेजों की जांच की।


क्रशर में छापेमारी के दौरान बाहर मुस्तैद पुलिस टीम। अमृत विचार

आयकर टीम ने बुधवार की सुबह बुंदेलखंड के कबरई थाना क्षेत्र स्थित स्टोन क्रेशर मंडी से छापामार अभियान की शुरूआत की। आयकर विभाग की दर्जनों गाड़ियों में पहुंची टीमों ने एक साथ कई प्लांटों पर दबिश दी। मुख्य रूप से पूर्व बसपा प्रत्याशी दिलीप सिंह के जगदंबा ग्रेनाइट और सोमेश भारद्वाज के श्रिया ग्रेनाइट प्लांटों को निशाना बनाया गया। कानपुर, बांदा और मध्य प्रदेश से आए आयकर अधिकारियों की संयुक्त टीम ने क्रशर पहुंचकर सबसे पहले कर्मचारियों के मोबाइल फोन को कब्जे में लिये और किसी के भी अंदर बाहर आने जाने पर रोक लगा दी। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात की गई।

यह कार्रवाई अवैध कमाई और मनी लॉन्ड्रिंग की शिकायतों के आधार पर की जा रही है। आयकर की टीम सिर्फ कबरई ही नहीं, जिले की सीमा से सटे मध्य प्रदेश के ग्राम पुरा, दिदवारा, बम्हौरी स्थित क्रेशर प्लांटों और उनसे जुड़े अन्य ठिकानों पर छापा मारा और दस्तावेजों को चेक किया। अचानक हुई छापेमारी से मंडी के अन्य क्रेशर कारोबारी अपने प्लांटों में ताला लगाकर मौके से फरार हो गए। छापामार कार्रवाई दौरान पत्थर मंडी कबरई में घंटो अफरा तफरी का माहौल रहा।

# किशोर सागर का एक सप्ताह बाद प्रारंभ कराया जाएगा सुंदरीकरण

- चेयरमैन ने वार्ड नंबर 10 में क्षेत्रीय लोगों की सुनीं समस्याएं

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)

**अमृत विचार।** नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरजरिया ने नगर के वार्ड नम्बर 10 का औचक निरीक्षण कर लोगों की समस्यायों को सुनकर उन्हें अविलम्ब दूर किये जाने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण दौरान बताया कि नगर में स्थित किशोर सागर का भूमि पूजन कराकर एक सप्ताह के अंदर उसका सुंदरीकरण कराया जाएगा, जिससे सरोवर की साफ सफाई होने से लोगों को नहाने धोने में स्वच्छ पानी मिलेगा और सरोवर की सुंदरता भी बढ़ जाएगी।


निरीक्षण के दौरान लोगों की समस्याओं को सुनते चेयरमैन। अमृत विचार

चेयरमैन वैभव अरजरिया का स्वच्छ नगर सुन्दर नगर बनाने का प्रयास लगातार जारी हैं। यही कारण है कि चेयरमैन ने बुधवार को वार्ड नम्बर 10 में अपनी टीम के साथ पहुंचकर लोगों की पेयजल, साफ सफाई, सड़क आदि समस्यायों को सुनकर उनका निराकरण कराने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सफाई कर्मचारियों से नियमित समय से नगर की साफ सफाई करके स्वच्छ रखने पर भी जोर दिया।

चेयरमैन वैभव अरज़रिया ने बताया है कि हमारा प्रयास नगर को स्वच्छ और सुन्दर बनाना है और लोगों की समस्यायों को करीब से देख सुनकर हल कराना है। यही वजह है कि उन्होंने बुधवार को नगर में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था को देखा और लोगों की समस्याएं सुनी। नागरिकों ने अपने बीच चेयरमैन को पाकर समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने लोगों से नगर को सुन्दर व स्वच्छ बनाए जाने में सहयोग की अपील की है। निरीक्षण दौरान वार्ड सभासद महेन्द्र यादव, देवेन्द्र लिटोरिया, इमाम बख़्श उर्फ मल्लू, मनोज चौबे, ॠषभ पाठक, सन्तोष मेड, मोहित द्विवेदी, काजू अग्रवाल, रामराजा सोनी आदि लोग मौजूद रहे।

# सब डाकघर के हटने से दिक्कतें

- मुख्य डाकघर में भारी जुटने से लोगों को हो रही परेशानी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** शहर के गांधीनगर में पालीवाल मार्केट में स्थित सब पोस्ट आफिस को कलेक्ट्रेट में स्थानांतरण किए जाने से आधे शहर के लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सब डाकघर स्थानांतरण होने के बाद से मुख्य डाकघर में भारी भीड़ जुटने लगी है। डाक व्यवस्था चरमरा जाने के विरोध में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने बुधवार को जिलाधिकारी गजल भारद्वाज को ज्ञापन सौंपकर पुनः गांधीनगर में सब डाकघर स्थापित कराए जाने की मांग की है।


डीएम को ज्ञापन सौंपते अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के सदस्य। अमृत विचार

ज्ञापन में बताया कि अब शहर में मात्र एक मुख्य डाकघर रह गया है, जबकि मुख्य डाकघर पहले से ही मैन पावर की कमी से जूझ रहा है। इधर सब डाकघर के स्थानांतरण के बाद मुख्य डाकघर में काम का दवाब कर्मचारियों पर और अधिक बढ़ गया है। जिसका खामियाजा डाकघर से जुड़े ग्राहकों को उठाना पड़ रहा है। नागरिको ने अतिरिक्त सब पोस्ट आफिस शहर में खोले जाने की मांग की है, जिससे लोगों को डाक सुविधा का लाभ मिल सके। ज्ञापन में बताया कि नगर में वर्तमान समय में मात्र एक डाकघर के काम करने से डाक सेवाओं की व्यवस्था चरमरा गई है। नगर की बढती जनसंख्या और कार्य को देखते हुए डाक बढ़ाने के बजाय शहर में डाकघर कम हो जाने से अव्यवस्थाएं बढ़ गई है। व्यवारिक रुप से पूरा भार अब मुख्य डाकघर के कर्मचारियों पर आ गया है, इससे कर्मचारियों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

# बिना लाइसेंस पैक हो रहे पानी के पाउच

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बे में गर्मी आते ही मानकों को ताक में रखकर बगैर लाइसेंस पानी का कारोबार शुरू हो गया है। नई बस्ती से लेकर दुग्ध डेयरी रोड पर पानी के कारखाने चल रहे हैं। खाद्य विभाग इस धंधे से अनजान बना बैठा है।

गर्मी शुरू होते ही इस कारोबार में तेजी आ जाती है। मौजूदा समय में कस्बे में ओपन के साथ बोतल और पाउच के पानी का कारोबार चरम पर है। किसी भी कारखाने में मानक का कोई नियम नहीं है। बगैर मानक के पानी तैयार करके बाजारों में खपाया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामसूरत यादव ने बताया कि एक कारखाने की बोतल का नमूना फेल हुआ था। उसका लाइसेंस निलंबित किया गया है। कस्बे में कितने लाइसेंस धारक हैं, फिलहाल उन्हें जानकारी नहीं है।

# नोटिस से आउटसोर्सिंग कर्मियों में हड़कंप

- आउड सोर्सिंग कर्मचारियों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन
- सुरक्षा कर्मियों को हटाए जाने के खिलाफ उठाई गई आवाज

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** आउटसोर्सिंग एजेंसी ने जिले के विभिन्न चिकित्सा इकाईयों में तैनात सुरक्षा गार्डों को हटाए जाने के जारी किए गए नोटिस के विरोध में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर अतिरिक्त उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सेवाएं बहाल रखने की मांग की है। नोटिस जारी होने के बाद कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट पैदा होने के आसार बढ़ गए हैं।

अतिरिक्त एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में बताया कि शासनादेश के अनुसार प्रदेश के शासकीय विभागों एवं उनके अधिनस्थ संस्थानों में मैन पावर की कमी के चलते आउटसोर्सिंग से कर्मचारियों को 2020 मे रखा गया था। तबसे वह मेहनत और ईमानदारी से कार्य कर रहे हैं। भारत सरकार ने विकसित गर्वमेंट की मार्केट प्लेस जेम की व्यवस्था लागू किए जाने के लिए दिए गए निर्देश के अनुसार आउटसोर्सिंग के माध्यम से सेवा शुरू होने के उपरांत कर्मचारियों को सेवा के रुप में तैनात किया गया था जो वर्तमान में कार्य कर रहे हैं। कार्मिकों की निरंतरता बाधित नहीं की जा सकती है। ज्ञापन में बताया कि आउटसोर्स कर्मियों को ही जेम पोर्टल के जरिए चयनित सेवा प्रदाताओं द्वारा रखा जाएगा। इसके लिए कार्यरत कर्मचारियों की सेवा के संबन्ध में संतुष्ट प्रमाणपत्र विभाग से सेवा प्रदाता को उपलब्ध कराया जाएगा। केवल नवीन कर्मचारियों को चयन की सेवा योजना पोर्टल से ही अनिवार्य रुप से किया जाएगा। शासन द्वारा एक नया शासनादेश निर्गत करते हुए सुरक्षा गार्ड को उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम से भर्ती किए जाने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। ज्ञापन देने वालों में जितेंद्र कुमार, अजय कुमार, मनोज कुमार, कुलदीप कुमार, अंकित कुमार, हमेंद्र कुमार, अमित कुमार, नीरज कुमार, मोहम्मर आरिफ सीमा सहित अन्य आउटसोर्स कर्मचारी शामिल हैं।


ज्ञापन देने जाते आउटसोर्सिंग कर्मचारी। अमृत विचार

मॉनीटरिंग के निर्देश

समीक्षा बैठक में मंडलायुक्त अजीत कुमार ने जिला पूर्ति अधिकारी को दिए सख्त निर्देश

# गैस की कालाबाजारी पर हर हाल में रोक लगाएं

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** मंडलायुक्त चित्रकूट धाम मण्डल बांदा अजीत कुमार की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की उपस्थिति में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में मंडलायुक्त नें जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि राशन समय से वितरित कराएं एवं वितरण में तौल सही हो इसकी प्रोपर मॉनिटरिंग की जाये और गैस की कालाबाजारी को रोका जाये।

बैठक में मंडलायुक्त ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि मिठाई, पनीर एवं अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर नियमित जांच कराये और मिलावटी खाद्य पदार्थ न विक्रय होने दें। उन्होंने अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण एवं शहरी को निर्देशित करते हुए कहा कि शहरी एवं ग्रामीण इलाके में समय पर पानी की सप्लाई की जाए। उन्होंने अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देश देते हुए कहा किजर्जर तारों की मरम्मत शीघ्र कराई जाए और लोगों के घरों के ऊपर से जो बिजली के तार निकले हैं, उनको तत्काल हटवाया टाकर ज्यादा बिल आने की समस्या का तत्काल निस्तारण किया जाए साथ ही किसी भी हालत में विद्युत चोरी भी रोका जाए।


बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते कमिश्नर अजीत कुमार। अमृत विचार

मंडलायुक्त ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि सभी विद्यालयों का निरंतर निरीक्षण करते हुए बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान की जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि जो भी निर्माण कार्य अधूरे हैं उनको जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए। नवीन कारागार का शेष कार्य जल्द पूर्ण कराएं। निर्माण कार्य से संबंधित जितने प्रोजेक्ट पूरे होने वाले हैं उनको हर हालत में बरसात के पहले पूरा कराया जाए और बड़े प्रोजेक्ट में काम तेजी लाएं, सामग्री की गुणवत्ता की जांच की जाए।

बैठक में मंडलायुक्त ने कहा कि नगर पालिका, नगर पंचायतों में जन्म प्रमाण पत्र व मृत्यु प्रमाण पत्र समय से जारी किए जाएं। त्योहारों को देखते हुए सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और वीडियो कॉलिंग के माध्यम से सफाई कर्मियों की निगरानी की जाए इसके अतिरिक्त आउटसोर्स कर्मियों की तनख्वाह समय से दे और उनका शोषण न किया जाए। ग्रामीणों की छोटी छोटी समस्याओं का समय पर निस्तारण किया जाए। मंडलायुक्त ने कहा कि सभी सरकारी योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को समय पर पहुंचाएं। वरासत के मामले पेंडिंग न रहे साथ ही सभी उपजिलाधिकारी तहसील में बैठकर कार्य करें। बैठक में अवगत कराया गया कि 85 ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी बन रही है। फार्मर रजिस्ट्री में 62 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। मंडलायुक्त महोदय नें कहा कि आईजीआरएस में लापरवाही न बरती जाए एवं जनसुनवाई में आने वाली समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारित कराया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर पंकज, एडीएम नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, एडीएम न्यायिक सुखबीर सिंह, एसडीएम सदर शिवध्यान पांडे, चरखारी एसडीएम धीरेन्द्र कुमार, कुलपहाड़ एसडीएम प्रदीप कुमार सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# टंकी रखवाने के बाद भी राहगीरों को नसीब नहीं हो रहा पेयजल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** विकासखंड कबरई के बरभौली चौकी के समीप जिला पंचायत ने ग्रामीणों व राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए एक पानी की टंकी का निर्माण कराया था। जिला पंचायत ने टंकी निर्माण तो करा दिया, लेकिन पानी की आपूर्ति करना भूल गए और कई गर्मियों के मौसम निकल गए, लेकिन आज तक इस टंकी से पानी की एक बूंद भी यहां के लोगों को नसीब नहीं हुई, जिससे ग्रामीणों में खासी नाराजगी है और टंकी शोपीस बनी हुई है।


शोपीस बनी पानी की टंकी। अमृत विचार

बरभौली चौकी के पास से प्रतिदिन बड़ी संख्या में राहगीर, वाहन चालक और ग्रामीण गुजरते हैं। गर्मी आते ही लोगों को पानी की सबसे ज्यादा आवश्यकता होती है। बावजूद इसके इस चौकी पर जिला पंचायत ने पानी की टंकी रखवा दी, लेकिन पेयजल आपूर्ति न होने से टंकी बेमतलब साबित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि टंकी के निर्माण में लाखों रुपये खर्च किए गए, लेकिन इसके बावजूद पानी की आपूर्ति शुरू न होना सरकारी धन के दुरुपयोग का स्पष्ट संकेत है। इस मामले को लेकर लोगों में काफी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि आखिर इतना पैसा खर्च करने के बाद भी आम जनता को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि टंकी स्थापित करने के बाद आज तक पानी की आपूर्ति नहीं की गई, जिससे यहां से गुजरने वाले लोगों को पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है या फिर दुकानों को पानी के पाउच या बोतल लेने के लिए मजबूर होना पड़ता है। ग्रामीणों ने टंकी से सप्लाई शुरू कराने की मांग की है।

